www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan
वर्ष : 13 | अंक : 84 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : ₹ 2.00
RNI NO.RAJHIN/2013/52026
टोंक | गुरुवार, 30 अक्टूबर 2025 | कार्तिक शुक्ल अष्टमी संवत् - 2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
दैनिक
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर

# बढ़ता राजस्थान

कदम बढ़ाएं, सच के साथ

# राष्ट्रपति मुर्मू ने राफेल में भरी उड़ान



**जयपुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार सुबह अंबाला एयरफोर्स स्टेशन से फाइटर प्लेन राफेल में उड़ान भरी। इस दौरान राष्ट्रपति की स्क्वॉड्रन लीडर शिवांगी सिंह के साथ एक फोटो भी सामने आई। पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान शिवांगी को पकड़ने का दावा किया था। पाकिस्तान मीडिया की रिपोर्ट में कहा गया था कि शिवांगी युद्धबंदी हैं और उनका लड़ाकू विमान ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मार गिराया गया। PIB ने 10 मई को फैक्ट चेक में पाकिस्तान के दावे को झूठा करार दिया था। शिवांगी यूपी के वाराणसी की रहने वाली हैं। राफेल ने सुबह 11:10 बजे टेक ऑफ किया और 11:50 बजे लैंड किया। राष्ट्रपति जिस राफेल में बैठी थीं, उसे ग्रुप कैप्टन अमित गेहानी ने उड़ाया। राष्ट्रपति के राफेल के पीछे एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने दूसरे एयरक्राफ्ट से उन्हें एस्कॉर्ट किया। राष्ट्रपति मुर्मू भारतीय वायु सेना के 2 फाइटर विमानों में उड़ान भरने वाली भारत की पहली राष्ट्रपति हैं। इससे पहले, 7 अप्रैल 2023 को उन्होंने असम के तेजपुर एयरफोर्स स्टेशन से सुखोई 30 MKI फाइटर जेट में उड़ान भरी थी। राष्ट्रपति बुधवार सुबह 9.15 बजे विशेष विमान से अंबाला पहुंचीं थीं। एयरफोर्स स्टेशन पर एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने उनका स्वागत किया। फिर राष्ट्रपति को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। राष्ट्रपति ने परेड का निरीक्षण करने के बाद जवानों से मुलाकात की। उन्होंने एयरफोर्स स्टेशन की यूनिट्स का भी निरीक्षण किया। मुर्मू के दौरे के समय एयरफोर्स स्टेशन के आसपास ड्रोन उड़ाने पर पाबंदी लगाई गई थी। केवल अधिकृत व्यक्तियों को ही एयरफोर्स स्टेशन में प्रवेश दिया गया। मोबाइल अंदर ले जाने की परमिशन भी नहीं दी गई।

## पीएम मोदी ने की जापान की पीएम ताकाइची से बात



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची ने दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और गहरा करने के लिए मिलकर काम करने पर बुधवार को सहमति व्यक्त की। ताकाइची (64) जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री हैं और उन्होंने शिगेरु इशिबा का स्थान लिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने ताकाइची के पदभार ग्रहण करने के बाद उनके साथ अपनी पहली बातचीत में उन्हें बधाई दी और इस बात पर सहमति व्यक्त की कि वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए भारत-जापान के बीच मजबूत संबंध अहम हैं। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि आर्थिक सुरक्षा, रक्षा सहयोग पर केंद्रित भारत-जापान विशेष रणनीतिक एवं वैश्विक साझेदारी को आगे बढ़ाने के हमारे साझा दृष्टिकोण पर चर्चा की।

## हैती में तूफान 'मेलिसा' से 25 लोगों की मौत

बढ़ता राजस्थान

**सेंटियागो डे क्यूबा(हैती)।** हैती में तूफान 'मेलिसा' के कारण आई बाढ़ से 25 लोगों की मौत हो गई। तूफान ने बुधवार को जमैका और क्यूबा में भी तबाही मचाई। दक्षिणी हैती के तटीय शहर पेटिट-गोएव के मेयर जीन बर्ट्रेंड सुब्रम ने बताया कि ला डिग्यू नदी के तटबंध टूटने और आसपास के मकानों में पानी भर जाने से 25 लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि बुधवार सुबह तक कई मकान ढह गए और लोग अब भी मलबे में फंसे हुए हैं। जमैका के मंत्री अबका फिट्ज-हेनले ने स्थानीय रेडियो स्टेशन 'नेशनवाइड न्यूज नेटवर्क' को बताया कि द्वीप राष्ट्र में सबसे अधिक विनाश दक्षिण-पश्चिम और उत्तर-पश्चिम क्षेत्र में हुआ है।

वांगचुक की हिरासत के खिलाफ याचिका

## उच्चतम न्यायालय ने केंद्र, लद्दाख से जवाब मांगा



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सोनम वांगचुक की पत्नी की संशोधित याचिका पर केंद्र और लद्दाख प्रशासन से जवाब मांगा, जिसमें जलवायु कार्यकर्ता की राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत हिरासत को अवैध, मनमाना कृत्य बताया गया है। न्यायाधीश अरविंद कुमार और न्यायाधीश एनवी अंजारिया की पीठ ने केंद्र और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से गीतांजलि जे अंगमो की संशोधित याचिका पर 10 दिन के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा और मामले की अगली सुनवाई 24 नवंबर के लिए निर्धारित की। पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल को भी प्रतिउत्तर, यदि कोई हो तो, दाखिल करने की अनुमति दी। संशोधित याचिका में कहा गया है कि हिरासत आदेश पुरानी प्राथमिकी, अस्पष्ट आरोपों और काल्पनिक दावों पर आधारित है। इसमें हिरासत के कथित आधारों से कोई जीवंत या निकट संबंध नहीं है। इस प्रकार इसमें कोई कानूनी आधार नहीं है। ज्ञात रहे कि वांगचुक को 26 सितंबर को कड़े राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत हिरासत में लिया गया था।

इंडिया मैरीटाइम वीक 2025 में कहा- इंडियन पोर्ट्स दुनिया के सबसे एफिशिएंट पोर्ट्स में शामिल

## देश का मैरीटाइम सेक्टर ग्रोथ का नया इंजन : पीएम मोदी

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को मुंबई में चल रहे इंडिया मैरीटाइम वीक 2025 में शामिल हुए। पीएम ने मैरीटाइम लीडर्स कॉन्क्लेव में कहा कि 2016 में शुरू हुआ इंडिया मैरीटाइम वीक आज एक ग्लोबल इवेंट बन गया है। मैरीटाइम सेक्टर भारत की ग्रोथ को आगे बढ़ा रहा है। मोदी ने कहा कि पिछले एक दशक में इससे ट्रेड और पोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा मिला है। भारत का मैरीटाइम सेक्टर बहुत तेजी और एनर्जी के साथ आगे बढ़ रहा है। आज इंडियन पोर्ट्स को डेवलपिंग दुनिया में सबसे एफिशिएंट माना जाता है। कई मामलों में वे और भी बेहतर परफॉर्म कर रहे हैं। उन्होंने ग्लोबल मैरीटाइम सीईओ फोरम की अध्यक्षता की। पीएम मोदी ने शिपिंग सेक्टर से जुड़े 2.2 लाख करोड़ रुपए के कई प्रोजेक्ट्स का शुभारंभ हुआ और 12 लाख करोड़ रुपए के इंवेस्टमेंट एमओयू जारी किए। इंडिया मैरीटाइम वीक 2025 का आयोजन 27 से 31 अक्टूबर तक हो रहा है, जिसकी थीम यूनाइटिंग ओशन्स, वन मैरीटाइम विजन (सागर एक, दृष्टि एक) है। इसमें 85 से अधिक देशों के प्रतिनिधि, 1 लाख से ज्यादा प्रतिभागी, 500 प्रदर्शक, और 350 अंतरराष्ट्रीय वक्ता भाग ले रहे हैं।

### कार्यक्रम में दुनियाभर के शिपिंग कंपनियों के CEO पहुंचेंगे

यह कार्यक्रम भारत के समुद्री क्षेत्र को नई दिशा देने और देश को ब्लू इकोनॉमी के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। इसमें सतत समुद्री विकास, हरित शिपिंग, मजबूत सप्लाई चेन और ब्लू इकोनॉमी (समुद्री अर्थव्यवस्था) को बढ़ावा देने पर चर्चा होगी। ग्लोबल मैरीटाइम सीईओ फोरम को इंडिया मैरीटाइम वीक का प्रमुख आयोजन माना जा रहा है। इसमें दुनिया भर की प्रमुख शिपिंग कंपनियों के CEO, निवेशक, नीति निर्माता, तकनीकी नवाचारक और अंतरराष्ट्रीय साझेदार शामिल होंगे।

पाकिस्तान-अफगानिस्तान शांति वार्ता विफल

## पाक रक्षा मंत्री आसिफ की धमकी- तालिबान को हम बर्बाद कर देंगे

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच शांति वार्ता विफल होने के बाद इस क्षेत्र में घटनाक्रम तेजी से बदल रहे हैं। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने तालिबान को पूरी तरह से 'तबाह' करने की धमकी दी है। रक्षा मंत्री के अलावा पाकिस्तान के सूचना और प्रसारण मंत्री अताउल्लाह तरार ने भी अफगानिस्तान को धमकाया है। इससे पहले मंगलवार को तुर्की की राजधानी इस्तांबुल में दोनों देशों के बीच शांति वार्ता बिना किसी निष्कर्ष के खत्म हो गई थी। गौरतलब है कि इस महीने की शुरुआत में पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में तालिबान के कई ठिकानों पर हमले किए थे, जिनमें दर्जनों लोग मारे गए। अफगानिस्तान ने कहा था कि मारे गए लोग आम नागरिक थे और तालिबानी सरकार ने जवाब में पाकिस्तानी सैन्य चौकियों पर हमला कर दिया। अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने कहा, 'मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि तालिबान शासन को पूरी तरह से खत्म करने और उन्हें वापस गुफाओं में धकेलने के लिए पाकिस्तान को अपने हथियार के भंडार का एक फीसदी भी इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं है।

## तूफान मोन्था से तेलंगाना में तबाही, स्कूल डूबा

### रेलवे स्टेशन पर पानी भरा, 2 ट्रेन रोगी गईं

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चक्रवात मोन्था के आंध्र प्रदेश से टकराने के बाद तेलंगाना में तेज बारिश हुई। महबूबाबाद जिले के डोरनकल रेलवे स्टेशन पर पानी भर गया। गोलकुंडा एक्सप्रेस और कोणार्क एक्सप्रेस को रोकना पड़ा।

वहीं खम्मम जिले में एक लॉरी पानी के तेज बहाव में बह गई। नालगोंडा में एक स्कूल में पानी भर गया। बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। तूफान आज सुबह ओडिशा के गंजम पहुंचा। गंजम के समुद्र में ऊंची-ऊंची लहरें उठ रही हैं और हवा की रफ्तार 80-100kmph पहुंच गई है। IMD के मुताबिक लैंडफॉल के बावजूद अगले 6 घंटों तक तूफान का असर रहेगा। ओडिशा के 8 जिले गंजम, गजपति, रायगढ़ा, कोरापुट, मलकानगिरी, कंधमाल, कालाहांडी और नबरंगपुर में मोन्था के चलते भारी बारिश और आंधी चल सकती है। राज्य सरकार ने 11 हजार लोगों को निकाला है। 30 हजार लोगों को सुरक्षित जगह पर पहुंचाने की तैयारी है। ODRF की 30 टीम और NDRF की 5 टीमों को तैनात किया गया है। मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि तूफान मोन्था के कारण राज्य में दो लोगों की मौत हुई। उन्होंने कहा कि एहतियाती उपायों से नुकसान कम हुआ है। मंगलवार रात में चक्रवात आंध्र प्रदेश के मछलीपट्टनम तट से टकराया था। मंगलवार शाम 7.30 बजे से देर रात लगभग 1 बजे तक लगभग 5.30 घंटे लैंडफॉल चला। इस दौरान 90-100kmph की रफ्तार से हवा चली थी, जो कि 110kmph पहुंच गई। मछलीपट्टनम में कई जगह पेड़ गिरे, समुद्र किनारे के मकान ढह गए। कई इलाकों में बिजली के तार टूट गए और पोल गिर गए। शहर की बिजली व्यवस्था ठप हो गई। कोनासीमा में घर पर पेड़ गिरने से बुजुर्ग महिला की मौत हुई। एक दूसरी घटना में 2 अन्य लोग घायल हो गए।

Tariq : 9509674415
Mahi Car Decor
• Seat Covers • Floor Mats
• Android Players • Speakers
• Center Locking • Power Windows
• Perfumes • Ambience Light
Manufacturer of Car Seat Covers


Chacha Complex, Jalupura Link Road, M.I.Road, Jaipur

## सम्पादकीय

# न्याय में देरी, सुप्रीम कोर्ट ने भी जताई चिंता

आपराधिक मामलों में आरोप पत्र दाखिल होने के बाद आरोप तय होने में देरी पर सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताते हुए इस संदर्भ में देश भर के लिए दिशानिर्देश तय करने के संकेत दिए। इसे लेकर वह गंभीर है, इसका पता इससे चलता है कि उसने अटार्नी जनरल एवं सालिसिटर जनरल से मदद मांगी और एक वरिष्ठ वकील की न्यायमित्र के रूप में नियुक्ति भी कर दी।

बहुत संभव है कि वह आरोप तय करने के मामले में कोई दिशानिर्देश भी सुना दे, लेकिन क्या इतने मात्र से समस्या का समाधान हो जाएगा? उसे इसकी अनदेखी नहीं करनी चाहिए कि आरोप तय होने में देरी भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 251(बी) के तहत दिए गए इस स्पष्ट प्रविधान के बावजूद हो रही है कि जिन मामलों की सुनवाई केवल सत्र न्यायालय द्वारा की जानी है, उनमें पहली सुनवाई से 60 दिनों के भीतर ऐसा कर दिया जाना चाहिए।

आखिर जब आरोप तय करने की समयसीमा को लेकर पहले ही व्यवस्था बनी हुई है, तब फिर एक और व्यवस्था देने यानी सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देश बनाने से समस्या का समाधान कैसे हो जाएगा? अच्छा होगा कि वह दिशानिर्देश बनाने के पहले उन कारणों का निवारण करे, जिनके चलते आरोप तय होने में देर होती है। यदि ऐसा नहीं किया जाता तो इसकी आशंका है कि उसके दिशानिर्देशों के बाद आरोप तो एक समयसीमा में तय हो जाएं, पर मुकदमों के निपटारे में तब भी विलंब होता रहे।

सुप्रीम कोर्ट ने आरोप तय होने में देरी का संज्ञान तब लिया, जब उसके समक्ष एक ऐसा प्रकरण आया, जिसमें आरोपित के एक साल से हिरासत में होने के बाद भी उसके मामले में आरोप तय नहीं किए जा सके हैं। इस प्रकरण पर विचार करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह जिला अदालतों से रिपोर्ट की प्रतीक्षा नहीं करेगा, बल्कि सीधे संपूर्ण भारत के लिए दिशानिर्देश जारी करेगा। उसे ऐसा करने का अधिकार है, लेकिन क्या जिला अदालतों से यह जानना आवश्यक नहीं कि आरोप तय होने में विलंब क्यों होता है? सुप्रीम कोर्ट को उन कारणों से भी परिचित होने की आवश्यकता है, जिनके चलते पहले आरोप पत्र दाखिल होने में देरी होती है और फिर आरोप तय होने में। उसे इससे भी अवगत होना चाहिए कि ये दोनों काम हो जाने पर भी मुकदमों का निपटारा समय पर नहीं होता।

ऐसा केवल निचली अदालतों ही नहीं, बल्कि उच्चतर अदालतों में भी होता है। ऐसा जिन कारणों से होता है, उनमें से एक न्यायाधीशों और वकीलों की कार्यप्रणाली भी है। तारीख पर तारीख के सिलसिले को कायम करने वाली इसी कार्यप्रणाली के चलते समय पर न्याय नहीं मिल पा रहा है और लंबित मुकदमों का बोझ बढ़ता जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट को इसका आभास होना चाहिए कि न्याय में देरी से देश का विकास बाधित हो रहा है।

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### 30 अक्टूबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1611 - गुस्टॉफ द्वितीय एडोल्फ 17 साल की उम्र में स्वीडन का राजा बना।
- 1922 - बेनिटो मुसोलिनी ने इटली में सरकार बनाई।
- 1930 - तुर्की तथा यूनान ने मित्रता संधि पर हस्ताक्षर किये।
- 1945 - भारत संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुआ।
- 1956 - भारत का पहला पांच सितारा होटल 'अशोक' खुला।
- 1960 - ब्रिटेन में पहली बार सफलतापूर्वक किडनी ट्रांसप्लांट की गई।
- 1963 - अफ्रीकी देश मोरक्को तथा अल्जीरिया ने युद्ध विराम संधि पर हस्ताक्षर किए।
- 1975 - स्पेन में किंग जुआन कारलोस ने सत्ता संभाली।
- 1980 - मध्य अमेरिकी देशों होंडुरस तथा अल सल्वाडोर ने सीमा विवाद हल किया।
- 1994 - बाल्कन देश मेसिडोनिया के संसदीय चुनाव में वामपंथी गठबंधन की जीत।
- 2001 - लादेन के सम्पर्क में रहने के आरोपी 3 परमाणु वैज्ञानिकों को पाकिस्तान ने अमेरिका को सौंपा।
- 2003 - ब्रिटेन के राजकुमार प्रिंस चार्ल्स का भारत दौरा प्रारम्भ। अमेरिकी विदेश मंत्री कोलिन पावेल ने पाकिस्तान को भारत के साथ शांति वार्ता करने को कहा। पाकिस्तान के राष्ट्रपति जनरल परवेज मुशर्रफ़ ने लोकतंत्र की बहाली के लिए अपनी कटिबद्धता घोषित की।
- 2004 - उक्रेन ने फ्रांस को 3-1 से पराजित कर 39.5 अंक के साथ ओलंपियाड का स्वर्ण जीता।
- 2008-
- असम (भारत)की राजधानी गुवाहाटी और 13 अन्य स्थानों पर श्रेणिबद्ध धमाके हुए। इसमें 66 से अधिक व्यक्तियों की मृत्यु हो गई थी।
- स्टेट बैंक आफ बीकानेर एवं जयपुर ने फिक्स डिपोजिट की व्याज़ दरों में एक प्रतिशत की कमी की।
- गुवाहाटी सहित असम के कई हिस्सों में कम से कम 18 धमाके हुए जिनमें 81 से अधिक व्यक्तियों की मौत हो गई और 400 से अधिक लोग घायल हो गए थे।
- 2013 - तेलंगाना के महबूबनगर में बस में आग लगने से 44 लोगों की मौत।

## विशेष आलेख

# आधे देश की मतदाता सूचि की जांच-प्रश्न अनेक



अशोक भाटिया
मुंबई

चुनाव आयोग ने सोमवार को 12 राज्यों के लगभग 51 करोड़ मतदाताओं की गहन जांच की घोषणा की। देश के 12 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण की घोषणा होते ही सोमवार आधी रात से इन सभी राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों की मतदाता सूचियां फ्रीज कर दी गईं। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार शाम पत्रकारों से कहा, आज रात से ये मतदाता सूचियां फ्रीज कर दी जाएंगी। राज्य सरकारों को भी प्रशासनिक फेरबदल के लिए चुनाव आयोग से अनुमति लेनी होगी। फ्रीज की गई सूची के सभी मतदाताओं को बीएलओ विशिष्ट गणना प्रपत्र देंगे। इन गणना प्रपत्रों में वर्तमान मतदाता सूची के सभी आवश्यक विवरण होंगे। बीएलओ द्वारा मौजूदा मतदाताओं को प्रपत्र वितरित करने के बाद, जिन लोगों के नाम गणना प्रपत्रों में हैं, वे यह मिलान करने का प्रयास करेंगे कि क्या उनका नाम पिछले एसआईआर की सूची में था। यदि हां, तो उन्हें कोई अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नहीं है। वे सिर्फ प्रपत्र भरकर जमा कर दें। यदि उनके माता-पिता का नाम सूची में था, तब भी उन्हें कोई अतिरिक्त दस्तावेज नहीं देना।

सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन करते हुए, चुनाव आयोग ने बिहार में एसआईआर से संबंधित अपने 9 सितंबर के आदेश के अनुसार, आधार को 12 दस्तावेजों की सूची में शामिल कर लिया है। आधार पर स्थिति स्पष्ट करते हुए, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा, जहां तक आधार कार्ड का संबंध है, सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि आधार का उपयोग आधार अधिनियम के अनुसार किया जाना है। आधार अधिनियम की धारा 9 कहती है कि आधार निवास या नागरिकता का प्रमाण नहीं होगा। सर्वोच्च न्यायालय ने कई बार यह निर्णय दिया है कि आधार जन्मतिथि का प्रमाण नहीं है। इसे ध्यान में रखते हुए, आधार प्राधिकरण ने अपनी अधिसूचना जारी की और आज भी, यदि आप नया आधार डाउनलोड करते हैं, तो कार्ड पर उल्लेख है कि यह न तो जन्मतिथि, न ही निवास या नागरिकता का प्रमाण है। आधार कार्ड पहचान का प्रमाण है और इसका उपयोग ई-हस्ताक्षर के लिए भी किया जा सकता है। चुनाव आयोग के अनुसार नागरिकता कानून के तहत असम में नागरिकता के अलग प्रावधान लागू हैं। वहां सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में नागरिकता जांच की प्रक्रिया पूरी होने वाली है। 24 जून का एसआईआर आदेश पूरे देश के लिए था, पर असम की विशेष परिस्थिति के कारण यह आदेश वहां लागू नहीं होता। असम के लिए अलग से पुनरीक्षण आदेश जारी किए जाएंगे और अलग एसआईआर तिथि की घोषणा की जाएगी। बिहार के अनुभव से लाभ उठाते हुए, चुनाव आयोग ने यह भी निर्णय लिया है कि बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) फॉर्मों के मिलान और लिंकिंग के लिए अधिकतम तीन बार घरों का दौरा करेंगे। कुमार ने कहा, यदि मतदाता उपलब्ध नहीं है या मिलान और लिंकिंग में देरी हो रही है, तो बीएलओ कुल तीन बार घरों का दौरा करेंगे। बीएलओ सिर्फ संबंधित राज्य ही नहीं बल्कि देश भर के मतदाता सूची की जांच कर यह देखेंगे के संबंधित व्यक्ति का नाम कहीं और तो नहीं है। यदि किसी अन्य सूची में नाम पाया गया तब भी उन्हें मतदाता माना जाएगा।

आयोग के अनुसार मतदाता ऑनलाइन भी फॉर्म भर सकते हैं। यदि उनके नाम, या उनके पिता या माता के नाम, 2003 की सूची में नहीं थे तो ईआरओ 12 दस्तावेजों के आधार पर पात्रता निर्धारित करेगा।आयोग द्वारा तय 12 दस्तावेजों के अलावा यदि किसी के पास अतिरिक्त वैध दस्तावेज है तो आयोग उसे भी मान्य करेगा। ईआरओ के फैसले के बाद, यानी अंतिम सूची प्रकाशित होने के बाद भी किसी भी निर्वाचन क्षेत्र का कोई भी मतदाता या निवासी जिला मजिस्ट्रेट के पास अपील कर सकता है और 15 दिनों के भीतर राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी के पास अपनी दूसरी अपील भी दायर कर सकता है। चुनाव आयोग ने मतदाता के लिए जरूरी अर्हताएं भी बताईं। इसके अनुसार संविधान की धारा 326 के अनुसार जो भी भारतीय नागरिक है, उसे 18 साल की आयु का होना, संबंधित क्षेत्र का निवासी होना, कानून के तहत किसी तरह के मामलों में वांछित नहीं होना चाहिए। ऐसे लोगों को सूची में नाम शामिल कराने का अधिकार है। वहीं, भीड़भाड़ से बचने के लिए, आयोग ने निर्णय लिया है कि किसी भी मतदान केंद्र पर 1,200 से ज्यादा मतदाता नहीं होंगे और ऊंची इमारतों, गेटेड कॉलोनियों और झुग्गी बस्तियों में नए मतदान केंद्र बनाए जाएंगे।

आयोग के अनुसार राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजनीतिक दलों के साथ बैठकें करेंगे और उन्हें एसआईआर प्रक्रिया के बारे में जानकारी देंगे। बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) फॉर्मों के मिलान और लिंकिंग के लिए अधिकतम तीन बार घरों का दौरा करेंगे। बीएलओ सिर्फ संबंधित राज्य ही नहीं बल्कि देश भर के मतदाता सूची की जांच कर यह देखेंगे के संबंधित व्यक्ति का नाम कहीं और तो नहीं है। यदि किसी अन्य सूची में नाम पाया गया तब भी उन्हें मतदाता माना जाएगा।

राज्यों में पिछले एसआईआर की मतदाता सूची मूल मानी जाएगी, उसी के आधार पर नए मतदाताओं के नाम काटे या जोड़े जाएंगे। ठीक उसी तरह, जैसे बिहार में 2003 की मतदाता सूची का उपयोग गहन पुनरीक्षण के लिए किया था। ज्यादातर राज्यों में अंतिम एसआईआर 2002 व 2004 के बीच हुआ था। इन राज्यों ने पिछले एसआईआर के अनुसार वर्तमान मतदाताओं का आकलन पूरा कर लिया है। गौरतलब है कि विपक्ष पहले से ही मतदान के अलग-अलग आंकड़े पेश कर सवाल उठा रहा था। ऐसे माहौल में जहां वोट चोरी के मुद्दे पर चुनाव आयोग को निशाना बनाया जा रहा था, चुनाव आयोग ने मानदंड और प्रक्रिया पर अंतिम निर्णय के अभाव में जल्दबाजी में जांच की घोषणा की, और दिशानिर्देश के अभाव में, विपक्ष ने आयोग को एक ट्रान्स में ले लिया। यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक गया, आयोग को सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों को स्वीकार करना पड़ा। क्या चुनाव आयोग के पास किसी व्यक्ति की नागरिकता को स्वीकार या अस्वीकार करने की शक्ति हो सकती है? अपने माता-पिता के दस्तावेजों के आधार पर अपने उत्तराधिकारियों के रिकॉर्ड को प्रमाणित करने का मुद्दा अंततः अदालत तक पहुंच गया। बिहार में अनाथालयों में पले-बढ़े कई बच्चों ने आयोग के प्रावधानों को चुनौती दी, जिसमें मांग की गई कि रिकॉर्ड को आधिकारिक या अनधिकृत रिकॉर्ड की सूची में शामिल किया जाए। दूसरे चरण की शुरुआत से पहले, आयोग को अपनी वेबसाइट पर पहले चरण में उठाए गए सभी प्रश्नों और उन पर आयोग द्वारा उठाए गए रुख को स्पष्ट रूप से बताना चाहिए; कहा जा रहा है कि किसी को भी दोबारा नए सवाल उठाने का मौका नहीं मिलेगा।

# विश्व बचत दिवस जब जेब संभलती है, तो ज़िंदगी संवरती है



प्रो. आरके जैन

*आज के दौर में बचत का महत्व पहले कभी इतना गहरा और अनिवार्य नहीं रहा। आसमान छूती महंगाई, नौकरियों की अनिश्चितता, और अचानक आते संकट चाहे मेडिकल इमरजेंसी हो या प्राकृतिक आपदा हर पल चीख-चीखकर चेताते हैं वित्तीय सुरक्षा के बिना जीवन एक जुआ है।*

सूरज की पहली किरण जब खिडक़ी से झाँकती है, तो दिल में सिफऱ् उमंग होती है कोई कजऱ् का काँटा नहीं चुभता, कोई कल की चिंता नहीं घेरती, कोई अचानक आफ़त नहीं डराती। यह चमत्कार कोई जादू नहीं, बस एक साधारण सी दीवानगी है बचत। विश्व बचत दिवस, हर साल 31 अक्टूबर को मनाया जाता है भारत में 30 अक्टूबर को, 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के शोक से अलग रखने हेतुहमें यही हुंकार भरता है हर छोड़ा हुआ सिक्का, हर रोका हुआ ख़र्च, हर चुकाया हुआ किस़्त हमें उस आज़ाद सुबह का हक़दार बनाता है। यह दिन सिफऱ् खाते की लाइनें नहीं बढ़ाता; यह ज़िंदगी का नक्शा बदलता हैआत्मविश्वास की ऊँचाई देता है, सुरक्षा का कवच पहनाता है, और हर सपने को हक़ीक़त की ज़मीन पर उतारता है।

बचत की कहानी मानव सभ्यता जितनी ही पुरानी और अनंत है। प्राचीन काल में लोग अनाज, कपड़े या कीमती पत्थर संचय करते थे, ताकि सूखे की मार, युद्ध की विभीषिका या प्राकृतिक आपदा के समय उनका उपयोग हो सके। आज डिजिटल दौर में बैंक ऐप्स और निवेश प्लेटफॉर्म्स ने रूप बदल दिया, मगर बचत का मूल मंत्र अटल है— सुरक्षा की मजबूत नींव, स्थिरता की गारंटी और आर्थिक स्वतंत्रता की कुंजी। 1924 में इटली के मिलान में विश्व बचत बैंक संस्थान ने विश्व बचत दिवस की नींव रखी, ताकि हर आम इंसान में वित्तीय साक्षरता की ज्योत जले। तब से यह दिन वैश्विक प्रेरणा का प्रतीक बन चुका है, जो चेतावनी देता है—मेहनत की कमाई को समझदारी से संभालो, यही सच्ची आजादी का राजमार्ग है।


आज के दौर में बचत का महत्व पहले कभी इतना गहरा और अनिवार्य नहीं रहा। आसमान छूती महंगाई, नौकरियों की अनिश्चितता, और अचानक आते संकट चाहे मेडिकल इमरजेंसी हो या प्राकृतिक आपदा हर पल चीख-चीखकर चेताते हैं वित्तीय सुरक्षा के बिना जीवन एक जुआ है। मगर हकीकत कड़वी हैभारत में ज्यादातर लोग बचत को हल्के में लेते हैं। जड़ है वित्तीय शिक्षा की भयंकर कमी और उपभोक्तावाद की अंधी दौड़। हम तुरंत के लालच में डूब जाते हैं नया स्मार्टफोन, ब्रांडेड फैशन, लग्जरी ट्रिप्स और भूल जाते हैं कि ये छोटे खर्चे हमारे भविष्य को खोखला कर रहे हैं, एक-एक करके।

बचत सिर्फ पैसे जोडऩा नहीं है; यह एक अच्छी सोच है। यह हमें अनुशासन सिखाती है, धैर्य देती है और सबसे ज्यादा आत्मविश्वास बढ़ाती है। जब हम खर्च कम करते हैं और नियमित बचत करते हैं, तो अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करते हैं। साथ ही परिवार और समाज के लिए जिम्मेदारी निभाते हैं। बचत करने वाला व्यक्ति अपनी जरूरतों के लिए तैयार रहता है। वह मुश्किल समय में अपनों की मदद भी कर सकता है। यह आदत हमें आर्थिक, भावनात्मक और सामाजिक रूप से मजबूत बनाती है। आजकल बचत के तरीके पूरी तरह बदल गए हैं यह एक बड़ा बदलाव है। पहले लोग अपनी गाढ़ी कमाई को लोहे की तिजोरी या मिट्टी की गुल्लक में छिपाकर रखते थे, लेकिन आज डिजिटल बैंकिंग, म्यूचुअल फंड, एसआईपी और शेयर बाजार जैसे आसान विकल्प हैं।

## लघु कथा

बढ़ता राजस्थान

# सच्ची मित्रता



एक बार एक खूबसूरत जंगल में चार सबसे अच्छे दोस्त थे- एक हिरण, एक कौआ, एक चूहा और एक कछुआ एक दिन, एक शिकारी जंगल में आया और एक पेड़ के नीचे आराम कर रहे हिरण को पकड़ लिया। हिरण ने जाल से बचने की कोशिश की, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। हिरण की मदद के लिए पुकार सुनकर हिरण के दोस्त दौड़े-दौड़े आए। उन्होंने देखा कि हिरण जाल में फंसा हुआ बेसुध पड़ा है और तुरंत उसकी मदद करने की योजना बनाई। सबसे पहले, कछुए ने शिकारी का ध्यान भटकाया। जब शिकारी कछुए के पीछे गया। तो कौआ हिरण को चोंच मारने का नाटक कर रहा था, जैसे वह मरा हुआ हो। यह सिफऱ् एक नाटक था ताकि शिकारी को लगे कि हिरण मर चुका है। इस बीच, चूहे ने जाल को चबा लिया। कुछ ही मिनटों में हिरण आज़ाद हो गया और सभी दोस्त भाग निकले।

## हैल्थ टिप्स

बढ़ता राजस्थान

# पेरिमेनोपॉज क्या होता है? जानें इसके लक्षण और मैनेज करने तरीका

मेनोपॉज महिलाओं में होने वाली एक नेचुरल प्रक्रिया है, जिसमें पीरियड्स लगातार 12 महीने तक नहीं आते हैं। इसके बाद, महिला के पीरियड्स आने पूरी तरह से बंद हो जाते हैं। लेकिन इससे पहले एक महिला का शरीर एक बदलाव के दौर से गुजरता है जिसे पेरिमेनोपॉज कहा जाता है। यह एक ट्रांजिशनल फेज़ यानी परिवर्तन का समय होता है, जो आमतौर पर 40 साल की उम्र के आसपास शुरू होता है। इस दौरान शरीर में कई तरह के हार्मोनल बदलाव होते हैं, जो मूड, नींद, ऊर्जा, और पीरियड्स पर असर डाल सकते हैं। पेरिमेनोपॉज क्या है? पेरिमेनोपॉज वह समय होता है, जब महिला के अंडाशय धीरे-धीरे एस्ट्रोजन हार्मोन बनाना कम कर देते हैं। यह हार्मोन महिलाओं के मासिक चक्र और प्रजनन स्वास्थ्य को नियंत्रित करता है। यह आमतौर पर 40 की उम्र के आसपास शुरू होता है, लेकिन कुछ महिलाओं में यह पहले या बाद में भी हो सकता है। यह प्रक्रिया कुछ सालों तक चल सकती है और आखिर में मेनोपॉज पर जाकर खत्म होती है।

**पेरिमेनोपॉज के शुरुआती संकेत**

मासिक धर्म में अनियमितता पीरियड्स का समय और फ्लो बदल सकता है, कभी ज्यादा, कभी बहुत कम। हॉट फ्लैशेस और नाइट स्वेट्सः अचानक शरीर में गर्मी महसूस होना और पसीना आना। नींद में परेशानीः रात में बार-बार नींद टूटना या नींद न आना।

हार्मोन में कमी के कारण असहजता या दर्द महसूस होना। सेक्स ड्राइव में कमीः एस्ट्रोजन लेवल घटने से इच्छाशक्ति कम हो सकती है। हड्डियों और दिल पर असरः एस्ट्रोजन घटने से हड्डियां कमजोर और हार्ट डिजीज का खतरा बढ़ता है।

**पेरिमेनोपॉज के दौरान खुद की देखभाल कैसे करें?**

संतुलित आहार लें हरी सब्जियां, फल, दूध, दही, प्रोटीन और कैल्शियम से भरपूर भोजन खाएं। जंक फूड, ज्यादा शक्कर और तले हुए खाने से परहेज करें।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में बेहतर रहने वाला है। आपको किसी नए पद की प्राप्ति होने से आपका मन काफी खुश रहेगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई में एकाग्र होकर जुटना होगा, तभी उन्हें कोई अच्छी सफलता हासिल होती दिख रही है।

**वृष**

आज आपके मन में प्रतिस्पर्धा का भाव बना रहेगा। आप अपने वाणी की सौम्यता से लोगों का दिल जीतने में कामयाब रहेंगे। सामाजिक कार्यक्रमों से जुडक़र आप अच्छा नाम कमाएंगे। कोई राजनीतिक मामला आपको समस्या दे सकता है।

**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए धैर्य और संयम से काम लेने के लिए रहेगा। कारोबार में आप कोई बड़ा जोखिम उठाने से बचें। आपको अपने कामों में स्पष्टता बनाए रखनी होगी। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा।

**कर्क**

आज आपकी नेतृत्व क्षमता बढऩे से खुशी होगी और कार्यक्षेत्र में आपको टीमवर्क के जरिए काम करने का मौका मिलेगा। दांपत्य जीवन आनंदमय रहेगा। छोटे बच्चों के लिए आज आप कोई उपहार लेकर आ सकते हैं।

**सिंह**

आज का दिन नौकरी में कार्यरत लोगों के लिए बढिय़ा रहने वाला है, जिसमें आपको मनपसंद काम मिलेगा और आप मेहनत से काम करके एक अच्छा मुकाम हासिल करेंगे।

**कन्या**

आज का दिन आपके कार्यों में सफलता लेकर आएगा। प्रेम और सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आपका कोई पुराना लेनदेन चुकता करना होगा, लेकिन आप अपने खर्चों को लेकर बजट बनाकर ही आगे बढ़े।

**तुला**

आज का दिन आपके लिए करियर के लिहाज से अच्छा रहने वाला है। आपको डूबा हुआ धन मिलने से आज आपको खुशी होगी। आपकी कोई मन की इच्छा की पूर्ति होने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**वृश्चिक**

आज आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। आप सबको साथ लेकर चलने की कोशिश में कामयाब रहेंगे। आपको किसी की सलाह पर ना चले और आपका कोई सहयोगी आपकी मदद के लिए आगे आएगा।

**धनु**

आज का दिन आपके लिए बढिय़ा रहने वाला है। आपको कार्यक्षेत्र में भी कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। आपका पद भी ऊंचा होगा और आपको इंक्रीमेंट भी मिल सकता है। आपका कोई मित्र आपके कामों में बाधा अटकाने की कोशिश करेगा।

**मकर**

आज का दिन आपके लिए रचनात्मक कार्यों में बढ़ चढक़र हिस्सा लेने के लिए रहेगा। आज आपका आत्मविश्वास भी मजबूत रहेगा। आप किसी गरीब की मदद के लिए आगे आएंगे। राजनीति में आपको कोई सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए बढ़ते खर्चों पर लगाम लगाने के लिए रहेगा और आपको अपने आसपास रह रहे विरोधियों को पहचानने की आवश्यकता है। किसी अजनबी की बातों में आकर कोई इंवेस्टमेंट ना करें।

**मीन**

आज का दिन आपके लिए कोई बड़ी उपलब्धि लेकर आने वाला है। आपकी पद और प्रतिष्ठा बढऩे से आपको काम को लेकर कोई बेहतर अवसर हाथ लगेगा। आपके सहयोगी कामों में पूरा साथ देंगे, लेकिन आपकी वाणी पर आपको थोड़ा संयम रखने की आवश्यकता है।

## उपखंड अधिकारी प्रीति मीणा ने संभाला कार्यभार,अधिवक्ताओं ने किया स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** नवनियुक्त उपखंड अधिकारी प्रीति मीणा ने बुधवार को निवाई उपखंड अधिकारी का पदभार संभाल लिया है। उपखंड अधिकारी प्रीति मीणा ने कहा कि लोगों की समस्याओं के समाधान करने का पूरा प्रयास किया जाएगा। सरकार की संचालित योजनाओं का लाभ अधिकाधिक पात्र व्यक्तियों को दिलाया जाएगा। इस दौरान अधिवक्ताओं ने नवनियुक्त उपखंड अधिकारी प्रीति मीणा का माला एवं शॉल ओढाकर स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष सीताराम शर्मा, एडवोकेट सतीश शर्मा, पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र चौधरी, पूर्व महासचिव दयाराम गुर्जर, रामेश्वर चौधरी, विनोद जाट, रामजीलाल जाट, अशोक लांगडी, मनीष चौधरी, रिंकू बैरवा व रामकल्याण पूनिया सहित कई अधिवक्ता मौजूद थे।

## मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु नगर परिषद द्वारा फॉगिंग अभियान जारी



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर(राकेश शर्मा)।** डेंगू, मलेरिया एवं अन्य मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु नगर परिषद सवाई माधोपुर द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में फॉगिंग कार्यवाही की जा रही है।

अभियान के तहत कलेक्ट्रेट परिसर, सिविल लाइन, अम्बेडकर सर्किल, शर्मा चौराहा, टोंक बस स्टैण्ड, बस स्टैण्ड रोड, सब्जी मंण्डी, रेलवे स्टेशन, दिया कुमारी मॉल, पुरानी ट्रक यूनियन, चेतक पार्क, इन्द्रा कॉलोनी एवं बजरिया मानटाउन क्षेत्र में फॉगिंग कराई गई। नगर परिषद आयुक्त देवेन्द्र कुमार जिंदल ने बताया कि नगर परिषद द्वारा तैयार फॉगिंग शेड्यूल के अनुसार आगामी 27 अक्टूबर से 24 नवम्बर तक सभी वार्डों में नियमित रूप से फॉगिंग की जाएगी, जिससे मच्छरों के प्रकोप को रोका जा सके एवं नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। नगर परिषद आयुक्त ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने घरों एवं आसपास पानी का जमाव न होने दें तथा स्वच्छता में सहयोग करें, जिससे मौसमी बीमारियों की रोकथाम सामूहिक रूप से सुनिश्चित की जा सके।

## पोक्सो व बालिका के साथ छेड़छाड़ के प्रकरण में एक आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** पुलिस थाना मेहन्दवास द्वारा पोक्सो व बालिका के साथ छेड़छाड़ के प्रकरण में कार्यवाही करते हुए वांछित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मेहन्दवास थानाधिकारी ओम प्रकाश ने बताया कि थाना मेहन्दवास के वांछित आरोपी का पीछा कर गांवड़ी गांव से हैड कानि. मय जाप्ता द्वारा आरोपी पोलुराम मीणा उर्फ राजू पुत्र प्रेम मीणा (29) निवासी अलियारी थाना मेहन्दवास जिला टोंक को गिरफ्तार किया गया, जिसको बाद अनुसंधान न्यायालय में पेश किया जावेगा। मेहन्दवास थानाधिकारी ओम प्रकाश ने बताया कि परिवादीया ने 9 अक्टूबर को एक रिपोर्ट इस आशय की पेश की है कि परिवादिया की पुत्री समय करीबन सांय 4-5 बजे शौच करने के लिए गई थी, पीछे राजू उर्फ पोलु पुत्र प्रेम मीणा निवासी अलियारी ने बालिका को अकेली देखकर बालिका के साथ छेड़छाड़ करने लगा तथा गन्दी 2 हरकते करने लगा।

## फॉर्मर रजिस्ट्रेशन कैंप का आयोजन किया



बढ़ता राजस्थान

**नगर फोर्ट /टोंक(कमलेश गौतम)** । नगर फोर्ट तहसील के ग्राम पंचायत मुख्यालय गुराई पर फॉर्मर रजिस्ट्रेशन कैंप का आयोजन किया गया । इसका मुख्य उद्देश्य किसानों का शत प्रतिशत पंजीयन करना है। नगर फोर्ट तहसील के कार्यवाहक तहसीलदार राम धन जी मीना ने बताया कि जहां भी फॉर्मर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया कम हे उनका लक्ष्य पूरा करने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर कैंप का आयोजन किया जा रहा है जिससे किसानों को रजिस्ट्रेशन सुलभ हो ओर सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके।

## न्यायाधीश ने किया बाल गृह का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश व विधिक सेवा प्राधिकरण टोंक के सचिव दिनेश कुमार जलुथरिया द्वारा सम्प्रेक्षण, विशेष गृह एवं बाल गृह का निरीक्षण द्वारा किया गया।

निरीक्षण के समय 20 किशोर उपस्थित पाए गए। सुरक्षित गृह में 3 बालक एवं किशोर गृह में 14 किशोर मिले। सम्प्रेक्षण गृह में 22 किशोर का रजिस्टर्ड होना पाया गया, परन्तु 1 किशोर परीक्षण हेतु एवं 01 किशोर अनुसंधाान हेतु ले जाना जाहिर किया गया। दौराने निरीक्षण स्टॉफ की स्थिति, गृह में निवासित किशोरों हेतु अन्य व्यवस्थाओं, संस्था में खाद्य वस्तुओं व जल भंडारण हेतु वैकल्पिक व्यवस्था, आपात विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था किशोरों की काउंसलिग हेतु परामर्शदाता, मनोरंजन, कौशल शिक्षण की व्यवस्था, डाईट स्केल, आवासित किशोरों के पूरे दिवस का शिड्यूल आदि के सबंध में निरीक्षण किया गया।

# रिपोर्ट कार्ड : संसद के मानसून सत्र में मदन राठौड़ 57 प्रश्न पूछकर रहे टॉप पर, सोनिया गांधी ने सबको चौंकाया

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर(राकेश शर्मा)।** संसद का शीतकालीन सत्र शुरू होने की तैयारी की जा रही है, जिसमें बीते मानसून सत्र की समीक्षा की जाएगी। इसी बीच मानसून सत्र में पूछे सवालों के आधार पर राजस्थान के सांसदों का रिपोर्ट कार्ड सामने आया है। राज्यसभा सदस्य और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ शीर्ष पर हैं, वहीं उदयपुर से राज्यसभा सदस्य चुन्नीलाल गरासिया सबसे नीचे हैं। उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत प्रदेश की रैंक में तीसरे स्थान पर हैं।

संसद के दोनों सदनों को मिलाकर प्रदेश से 35 सांसद हैं। मानसून सत्र में सर्वाधिक 57 प्रश्न पूछकर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ प्रदेश में पहले नंबर पर हैं। राजस्थान से ही राज्यसभा सदस्य सोनिया गांधी और चुन्नीलाल गरासिया प्रश्न पूछने वालों में नहीं रहे। दूसरे स्थान पर जालौर के सांसद लुंबाराम चौधरी हैं।

**बीएपी से सांसद राजकुमार रोत भी पीछे :** बांसवाड़ा-डूंगरपुर के सांसद राजकुमार रोत ने उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत की ओर से पूछे गए सवालों से आधे भी नहीं पूछे। सवालों में भी राजकुमार रोत का फोकस छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार पर ज्यादा रहा।

**उपस्थिति में भी रावत और अग्रवाल आगे :** संसद में पिछले एक साल में भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल और उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत की उपस्थिति शत प्रतिशत रही है। ऐसे में दोनों की गिनती जागरूक सांसदों में भी हुई है।

**मंत्री और लोकसभा अध्यक्ष नहीं पूछ सकते सवाल :** अर्जुनराम मेघवाल, भागीरथ चौधरी, भूपेंद्र यादव, गजेंद्रसिंह शेखावत, रवनीत सिंह बिट्टू और ओम बिरला।

### राजस्थान का रैंक कार्ड

| नाम | सदन | सवाल |
|---|---|---|
| मदन राठौड़ | राज्यसभा | 57 |
| लुंबाराम चौधरी | लोकसभा | 44 |
| मन्नालाल रावत | लोकसभा | 41 |
| पीपी चौधरी | लोकसभा | 41 |
| दामोदर अग्रवाल | लोकसभा | 39 |
| नीरज डांगी | राज्यसभा | 39 |
| महिमा कुमारी | लोकसभा | 35 |
| प्रमोद तिवारी | राज्यसभा | 32 |
| मुकुल वासनिक | राज्यसभा | 27 |
| दुष्यंत सिंह | लोकसभा | 25 |
| राहुल कस्वां | लोकसभा | 23 |
| रणदीप सुरजेवाला | राज्यसभा | 22 |
| हनुमान बेनीवाल | लोकसभा | 22 |
| अमराराम | लोकसभा | 22 |
| मंजू शर्मा | लोकसभा | 21 |
| राव राजेंद्रसिंह | लोकसभा | 21 |
| उम्मेदाराम बेनीवाल | लोकसभा | 20 |
| मुरारीलाल मीणा | लोकसभा | 19 |
| राजकुमार रोत | लोकसभा | 19 |
| कुलदीप इंदौरा | लोकसभा | 19 |
| हरिशचंद्र मीणा | लोकसभा | 17 |
| घनश्याम तिवारी | राज्यसभा | 15 |
| ब्रिजेंद्र सिंह ओला | लोकसभा | 14 |
| राजेंद्र गहलोत | राज्यसभा | 13 |
| सीपी जोशी | लोकसभा | 12 |
| संजना जाटव | लोकसभा | 10 |
| भजनलाल जाटव | लोकसभा | 4 |
| चुन्नीलाल गरासिया | राज्यसभा | 0 |
| सोनिया गांधी | राज्यसभा | 0 |

# शादी से पहले छाया मातम, कार्ड बांटने निकली महिला को बजरी ट्रेलर ने कुचला

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)** । जिले के निवाई में राष्ट्रीय राजमार्ग 52 में बुधवार को हुए एक भीषण सडक़ हादसे ने एक परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया। नेशनल हाई-वे 52 पर बजरी से भरे तेज रफ्तार ट्रेलर ने सडक़ पार कर रही एक महिला को रौंद दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक छोडक़र फरार हो गया। मृतका की पहचान 32 वर्षीय अनीता गुर्जर निवासी विजय गोविंदपुरा मौजीराम की थूणी थाना दतवास के रूप में हुई है। वह अपने पति के साथ भतीजी की शादी के कार्ड बांटने के लिए निवाई आई थी। शादी 2 नवंबर को होनी थी, लेकिन खुशियों के माहौल में अब मातम पसर गया है।

जानकारी के अनुसार अनीता गुर्जर जैसे ही सडक़ पार कर रही थी, उसी दौरान तेज रफ्तार बजरी से भरा ट्रेलर आया और उसे टक्कर मारते हुए कुचल गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि महिला की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने यातायात रोककर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर वृत्ताधिकारी निवाई मृत्युंजय मिश्रा एवं निवाई थानाधिकारी रामजी लाल मय जाब्ते पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए निवाई अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

थानाधिकारी रामजी लाल ने बताया कि घटना के बाद ट्रेलर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश में टीमें गठित की गई हैं। जिले में बजरी के अवैध परिवहन एवं ओवरलोडेड ट्रकों के चलते आए दिन हादसे सामने आ रहे हैं। प्रशासन द्वारा बार-बार कार्रवाई के दावे किए जाते हैं, लेकिन सड़कों पर दौड़ते बजरी ट्रक अब मौत बनकर निकल रहे हैं।

## मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की घोषणा

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(का.स.)।** भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की घोषणा की है। इस कार्यक्रम के तहत टोंक जिले के पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल करना तथा सूची से अपात्र अथवा स्थानान्तरित मतदाताओं का नाम हटाना है, ताकि मतदाता सूची को अद्यतन और त्रुटि रहित बनाया जा सकें।

जिला निर्वाचन अधिकारी कल्पना अग्रवाल ने बताया कि आयोग के निर्देशों के तहत जिले में यह अभियान 1 जनवरी 2026 की पात्रता तिथि के आधार पर निर्धारित होगा। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान 3 नवम्बर तक तैयारी, प्रशिक्षण एवं मुद्रण कार्य सम्पन्न किये जायेगें।

4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक प्रत्येक बूथ स्तर अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाता को गणना प्रपत्र देगें तथा मतदाता गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को वापस दिया जायेगा। इस दौरान बीएलओ योग्य नए मतदाताओं से प्रपत्र-6 प्राप्त करेगें जिनका सत्यापन बीएलओ करेगा। वर्तमान में जिले में कुल 11 लाख 50 हजार 945 मतदाता पंजीकृत है। जिनसें गणना प्रपत्र लिये जायेगें। निर्धारित अवधि में जिन मतदाताओं द्वारा गणना प्रपत्र जमा नही कराएं जायेगें, उनके नाम प्रारुप मतदाता सूची में शामिल नही किया जायेगा। मतदाता केन्द्रों का पुर्नगठन 4 दिसम्बर तक एवं कन्ट्रोल टेबल एवं प्रारुप मतदाता सूची तैयार करने का कार्य 5 से 8 दिसम्बर के मध्य होगा।

उन्होंने बताया कि प्रारुप मतदाता सूची का प्रकाशन 9 दिसम्बर को किया जायेगा। इसके बाद 8 जनवरी 2026 तक दावें एवं आपश्रियां प्राप्त की जायेगी। नोटिस जारी करना, सुनवाई एवं निस्तारण का कार्य 9 दिसम्बर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक होगा। अन्तिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को किया जायेगा।

## जिला स्तरीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिताओं में देवनारायण आवासीय विद्यालय ने शानदार खेलों का प्रदर्शन किया




बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** 69 वी जिला स्तरीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिताओं में देवनारायण आवासीय विद्यालय ने शानदार खेलों का प्रदर्शन किया, जिसके दम पर विद्यालय से 17 खिलाडियों का राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के लिए चयन हुआ।

विद्यालय के शारीरिक शिक्षक रामकिशोर चावला ने बताया कि विद्यालय से विभिन्न खेलों जिनमें क्रिकेट छात्रा 19 वर्ष में मनीषा मीणा, रेखा गुर्जर, कल्पना गुर्जर, मंचिता गुर्जर, सीमा मीणा, आरुषि मीना व 17 वर्ष बालिका क्रिकेट में आशु गुर्जर, अंजलि गुर्जर, मनीशा गुर्जर, चाइना चोपदर, दिशा गुर्जर कुल 11 छात्राएं तथा बास्केटबॉल में गोलमा मीणा, आरुषि गुर्जर, तनिष्का गुर्जर, 3 छात्राएं तथा खो-खो में मोनिका गुर्जर, हैंडबॉल में दिव्या गुर्जर एवं शतरंज में वंशिका बडगूजर आदि छात्राएं सम्मिलित रही, इनमें से 14 छात्राओं ने टोंक जिले की तरफ से खेलते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया । विद्यालय की खेलों के क्षेत्र में इस बड़ी उपलब्धि पर प्रधानाचार्य दिवाकर शर्मा व सभी विद्यालय स्टाफ साथियों ने खिलाडियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत जिला क्षय निवारण केन्द्र में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें खण्ड निवाई के सीएचओ एवं समस्त डॉट्स प्रोवाईडर को प्रशिक्षण दिया गया।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. हिमांशु मित्तल ने अभियान के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी देकर ब्लॉक स्तर पर सम्पादित कि जाने वाली गतिविधियों के विषय में प्रशिक्षण दिया, उन्होंने पीपीटी प्रेजेन्टेशन के जरिये अभियान के छः प्रमुख इन्डीकेट्रस के बारे में प्रशिक्षण दिया, साथ ही टीबी स्क्रीनिंग के लिए नॉट साइट पर अधिक से अधिक सेम्पल भिजवाये जाने हेतु प्रशिक्षित किया एवं टीबी मरीजों को निक्षय पोषण योजना का लाभ दिलवाने व निक्षय मित्र बनाकर प्रत्येक टीबी मरीज को आर्थिक सहायता दिलवाने के उपरान्त निक्षय पोर्टल पर ऑनलाईन इन्द्राज किया जाने का प्रशिक्षण दिया।

डीपीसी मर्सरत मियां ने टीबी मुक्त अभियान के तहत की जाने वाली प्रचार-प्रसार गतिविधियों की जानकारी दी।

जिला लेखाकार दिनेश चौधरी ने निक्षय पोषण योजना के तहत टीबी मरीजों दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि की जानकारी दी। जिला डाटा एन्ट्री ऑपरेटर सरल सैनी ने डिफ्रेन्सियल टीबी केयर के बारे में जानकारी दी। एसटीएलएस खण्ड टोंक-निवाई निखार खान ने लक्ष्य अनुरूप नॉट जांच हेतु संभावित टीबी मरीजों कि स्क्रीनिंग कर बलगम सेम्पल नॉट साइट पर भिजवाये जाने हेतु प्रशिक्षण दिया। नवरतन जैन कोर्डिनेटर ममता प्रोजेक्ट ने पिडीयाटरीक टीबी के बारे में प्रशिक्षित किया। साथ ही धर्मेन्द्र निहालनी फार्मासिस्ट द्वारा वीवीडीएमएस निक्षय औषधि का प्रशिक्षण दिया। विष्णु खंगार एसटीएस ब्लॉक निवाई ने टीबी मरीजों के एडरेन्स, कोमोर्बिटीज के बारे में प्रशिक्षण दिया।

इस दौरान नर्सिंग ऑफिसर जगवीर सिंह, डीआरटीबी कोर्डिनेटर मोनिका कुमावत, सहायक रेडियोग्राफर नीरू गुर्जर, भारती जायसवाल, लेब सहायक भवंर लाल यादव विष्णु साहु एवं विकास सोयल आदि मौजूद रहे।

### एक दूजे को मिठाई खिलाकर दी दीपावली की बधाई, सभी का अग्रसेन जी का दुपट्टा पहनाकर किया

# अग्रवाल सम्मेलन टोंक ब्लॉक कार्यसमिति का दीपावली स्नेह मिलन का आयोजन

बढ़ता राजस्थान




**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन टोंक ब्लॉक कार्य समिति का दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन अग्रवाल धर्मशाला टोंक के अग्रसेन भवन में किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष रघुनंदन अग्रवाल ने की। अतिथि भाजपा नेता नरेश बंसल एवं जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता ने सर्वप्रथम महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा पर मालार्पण किया गया, तत्पश्चात सभी ने दीपावली की एक दूजे को मिठाई खिलाकर बधाई दी, सभी का अग्रसेन जी का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया। नरेश बंसल ने अग्रवाल सम्मेलन की नियमित गतिविधियों की प्रशंसा की तथा उनकी ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता ने अग्रोहा में चल रहे विकास के कार्य, स्वर्ण जयंती वर्ष, आजीवन सदस्यता, खुशी के अवसरों पर समाज के सभी बंधुओं से अग्रोहा ऑनलाइन हुंडी भेजने, 2 वर्ष में टोंक, निवाई, पीपलू, उनियारा, सवाई माधोपुर व मेहंदीपुर बालाजी में संपन्न कार्यक्रमों, राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रवास सहित जिला मीटिंग की जानकारी दी। अंजली शेखावाटीया महिला जिलाध्यक्ष ने महिला विंग, अशोक जैन जिलाध्यक्ष, विनोद गुप्ता महामंत्री सेवा कर्मी संगठन, ओम प्रकाश जैन बरवास वाले महामंत्री उद्योग व्यापार संगठन ने संगठन हित में अपने विचार रखे। कार्यक्रम में महिला प्रदेश मंत्री अंजली गुप्ता, जिला मंत्री श्याम गर्ग, टोंक ब्लॉक अध्यक्ष नीता गुप्ता, कोषाध्यक्ष शोभा गर्ग, अजय अग्रवाल, अशोक जैन छामुनिया, गणेश अग्रवाल, पारस जैन भरवास, गोविंद गोयल, राजू मंगल, गिर्राज मंगल, कमलेश गर्ग, ओमप्रकाश सिंघल, शीला देवी सिंहल, संगीता देवी गोयल एवं महावीर जैन देवली आदि मौजूद थे।

## सिरोही विधानसभा क्षेत्र में बिछेगा सड़कों का जाल, 7634.91 लाख के वर्क ऑर्डर जारी

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही(नि.स.)।** सिरोही विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाया जाएगा। इसके लिए 7634.91 लाख रुपए की लागत से कुल 82.4 किलोमीटर के वर्क ऑर्डर जारी किए गए हैं। स्थानीय विधायक एवं पंचायतराज व ग्रामीण विकास राज्यमंत्री ओटाराम देवासी के प्रयासों से यह स्वीकृति मिली है।

इसके तहत जवाई पुल के जीर्णोद्धार कार्य के लिए 2566.78 लाख रुपए का कार्यादेश जारी हुआ है। सिरोही शहर में रिंगरोड के लिए डीपीआर तैयार करने का कार्य 30 लाख रुपए स्वीकृत, वलदरा से कूमा 5 किमी के लिए 295 लाख, चोटीला भागली से राडबर भागली 1.5 किमी के लिए 95 लाख, अन्दौर-ओड़ा-सवली-नारादरा सड़क मरम्मत कार्य 6 किमी के लिए 170 लाख, बारेवड़ा से सगालिया 2 किमी के लिए 38 लाख, रोवाड़ा-लखमावा केराल सड़क 6.5 किमी के लिए 130 लाख, शिवगंज बेडा से धवलेश्वर 0.80 किमी के लिए 20 लाख, सम्पर्क सड़क सारणेश्वरजी एक किमी सुदृढ़ीकरण के लिए 60 लाख, मेरमाण्डवाड़ा-पोसीतरा-काकेन्द्रा-फलवदी 4.5 किमी मरम्मत कार्य के लिए 165 लाख, सम्पर्क सड़क मीरपुर 3 किमी के लिए 90 लाख, पालड़ी से खाम्बल 3.5 किमी के लिए 90 लाख, हालीवाड़ा से कलापुरा 1.5 किमी के लिए 52 लाख, जैला निम्बोड़ा-मडिया 2.5किमी के लिए 45 लाख, कालन्द्री-वलदरा-सरतरा-सिलोईया-मामावली 8.30 किमी के लिए 250 लाख रुपए के कार्यादेश जारी हुए।

साथ ही बागसीन-वाण-कैलाशनगर सड़क का 18 किमी चौड़ाईकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य के 1487.4 लाख, कृष्णगंज सियाकरा सनपुर सड़क मय पुलिया का 16 किमी चौडाईकरण व सुदृढ़ीकरण के 1739.4 लाख रुपए का कार्य प्रगति पर है। वहीं, गोयली पीपलकी पालड़ी अटल प्रगतिपथ निर्माण कार्य किमी 1.20 किमी 158.38 लाख, कैलाशनगर अटल प्रगतिपथ निर्माण कार्य 1.1 किमी 152.96 लाख रुपए के कार्यादेश जारी हुए है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रोहित खत्री ने बताया कि ग्रामीण लंबे समय से इन सड़कों की मांग कर रहे थे।

## गोवर्धननाथ मंदिर व गो-गोपाल कॉरिडोर का शिलान्यास



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही(नि.स.)।** रेवदर के समीप नंदगांव में गोवर्धननाथ मंदिर एवं गो-गोपाल कॉरिडोर का शिलान्यास किया गया। समारोह में सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर का सान्निध्य रहा।

राज्यपाल ने सत्संग पांडाल में कहा कि गोसेवा का महाअभियान अब विकसित हो चुका है। यह भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा की अद्भुत झलक है। गोसेवा केवल धर्म नहीं, बल्कि मानवता की सर्वोच्च साधना है। शिलान्यास समारोह के यजमान राजकुमार अग्रवाल रहे। वहीं, सांसद लुम्बाराम चौधरी, विधायक समाराम गरासिया, छगनसिंह राजपुरोहित, पूर्व सांसद पुष्प जैन, पूर्व विधायक धर्मनारायण जोशी, कार्यकारी अध्यक्ष रघुनाथसिंह, अर्जुनसिंह, पूर्व विधायक जगसीराम कोली, पूर्व विधायक संयम लोढ़ा, रक्षा भंडारी, पूर्व जिला प्रमुख पायल परसरामपुरिया आदि मंच पर मौजूद रहे।

## पूर्व विधायक बंशीलाल खटीक ने की मुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेंट

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** भारतीय जनता पार्टी उदयपुर शहर के जिला प्रभारी एवं राजसमंद के पूर्व विधायक श्री बंशीलाल खटीक ने बुधवार को मुख्यमंत्री निवास (सीएमआर) जयपुर में माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा से शिष्टाचार मुलाकात की।भेंट के दौरान पूर्व विधायक खटीक ने संगठनात्मक अनुभवों एवं जनसरोकार से जुड़े विविध विषयों पर मुख्यमंत्री से चर्चा की। उन्होंने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर भी आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने इस अवसर पर संगठन की सक्रियता और जनसंपर्क को निरंतर सुदृढ़ रखने के लिए सराहा।पूर्व विधायक खटीक ने हाल ही में हुई उनकी दुर्घटना उपरांत मुख्यमंत्री द्वारा कुशलक्षेम पूछने हेतु किए गए स्नेहपूर्ण भाव के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक खटीक ने माननीय मुख्यमंत्री को उनके नेतृत्व में प्रदेश सरकार के उपलब्धिपूर्ण दो वर्ष पूर्ण होने पर अग्रिम बधाई दी और उनके नेतृत्व में प्रदेश के सर्वांगीण विकास की शुभकामनाएं व्यक्त कीं।

## श्रीराम मारुति महायज्ञ की तैयारी शुरू

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** बजरंगपुरा स्थित झीड़ा के बालाजी मंदिर परिसर में महंत सांवर मल व्यास व पुजारी सोहन लाल शर्मा के सान्निध्य में आगामी श्रीराम मारुति महायज्ञ के आयोजन को लेकर ग्रामवासियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने महायज्ञ के सफल आयोजन को लेकर अपने विचार साझा किए और विभिन्न जिम्मेदारियों पर चर्चा की। पुजारी सोहन लाल शर्मा ने बताया कि अप्रैल 2026 में बालाजी मंदिर परिसर में श्रीराम मारुति महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर अगली बैठक 4 नवंबर मंगलवार दोपहर 12 बजे होगी, जिसमें कस्बे सहित आसपास के क्षेत्र से बड़ी संख्या में ग्रामीण भाग लेंगे। इस बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा और जिम्मेदारियों का निर्धारण किया जाएगा।

## जन्मदिन पर दिया जीवनदानः संदीप सैनी ने साथियों संग किया स्वैच्छिक रक्तदान

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (नि.स.)।** प्रागपुरा कस्बे निवासी एवं एमएस लाइब्रेरी संचालक संदीप सैनी (फायरवाला) ने अपने 26वें जन्मदिन को अनोखे अंदाज में मनाया। बुधवार को उन्होंने अपने साथी महेश कुमावत के साथ राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में स्वैच्छिक रक्तदान किया। संदीप सैनी ने बताया कि अब तक वे आठ बार रक्तदान कर चुके हैं और हर बार जरूरत पड़ने पर आगे बढ़कर किसी की जान बचाने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी वे निस्वार्थ भाव से रक्तदान कर लोगों के जीवनदान के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। टीम तारा पूतली के सान्निध्य में किए गए इस रक्तदान कार्यक्रम में भूपसिंह पूतली एवं राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल की चिकित्सक टीम ने रक्तदाताओं संदीप सैनी और महेश कुमावत का आभार जताया।

# चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग की टीम ने डीग में की 2 झोला छाप चिकित्सकों की क्लीनिक सील, कामां में दिए 3 को नोटिस

### डीग जिले स्वास्थ्य विभाग की छापेमार कार्रवाई से झोलाछाप चिकित्सकों में हड़कंप

बढ़ता राजस्थान

**डीग (नि.स.)।** डीग शहर और कामा कस्बे चिकित्सा विभाग की टीम ने झोला छाप चिकित्सकों के खिलाफ छापा मार कार्रवाई करते हुए डीग में दरीबा मोहल्ला स्थित दो झोलाछाप डॉक्टरों के क्लिनिको को सील कर एक निजी क्लीनिक संचालक को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। जबकि कामा कस्बे में एक निजी चिकित्सक के कागजात लेते हुए तीन झोला छाप चिकित्सकों को नोटिस जारी किए गए हैं।

जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विजय सिंघल ने बताया है कि जिला कलेक्टर उत्सव कौशल के निर्देश पर आमजन को झोलाछाप चिकित्सकों की लूट से बचाने के लिए शुरू किए गए सघन जांच अभियान के अंतर्गत चिकित्सा जांच दल ने कामा के ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ योगेश कुमार के नेतृत्व में डीग शहर में छापेमारी कर शहर के

दरीबा मोहल्ला स्थित दास मेडिकल एवं डॉ चंद्र प्रकाश शर्मा के क्लिनिक को सील किया गया और नगर रोड स्थित नर्सिंग एंड होम केयर को नोटिस जारी किया गया है।



चिकित्सा जांच दल में डा हर्ष कुंवर सिंह ,नारायण ,भगवान,कमल सिंह आदि शामिल थे।

जबकि ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राजीव मित्तल के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कामा कस्बे में त्रिकुटीया बाजार स्थित डापुरुषोत्तम,अंबेडकर चौराहा स्थित डा जगबीर सिंह,कोसी चौराहा स्थित दंत चिकित्सक डॉ रबिंद्र तरगोतरा को नोटिस जारी किया गया है जबकि कोसी चौराहा स्थित एम एस सिमलबार डेंटल हॉस्पिटल संचालक के कागजात लिए गए है जिनकी जांच की जा रही है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग कि कार्रवाई से डीग जिले में अवैध रूप से लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे झोलाछाप चिकित्सकों में हड़कंप मच गया है।और अधिकांश झोलाछाप चिकित्सक अपनी क्लीनिक के बंद कर मौके से नो दो ग्यारह हो गए है। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी डॉ सिंघल ने बताया है कि जिले में झोलाछाप चिकित्सकों के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# रेवदर-मंडार मेगा हाईवे : मरम्मत तो क्या बैठकों को ही गंभीरता से नहीं ले रहे जिम्मेदार

### जिला परिषद की लगातार दो बैठकों से गायब एनएच प्रतिनिधि

## रेवदर-मंडार मेगा हाईवे का मुद्दा उठा तो नदारद थे प्रतिनिधि

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही(नि.स.)।** रेवदर-मंडार मेगा हाईवे की मरम्मत के प्रति राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) के अधिकारी कितने गंभीर है इसकी बानगी तो सड़कों की हालत से देख ही चुके हैं। एनएच के अधिकारी जिलास्तरीय बैठकों को भी गंभीरता से नहीं ले रहे। यहां तक कि जिले की सबसे पंचायत जिला परिषद की लगातार दो बैठकों से एनएच प्रतिनिधि गायब है। रेवदर-मंडार मेगा हाईवे की मरम्मत को लेकर पांच करोड़ की बजट स्वीकृति के मामले में सवाल उठा तो पता चला एनएच के प्रतिनिधि नदारद ही है। जिला प्रमुख अर्जुनराम ने इस पर नाराजगी जताई। कहा कि पिछली बैठक में भी इनको कोई प्रतिनिधि हाजिर नहीं था। इनके खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया जाएं।

**पता नहीं कहां गायब हुए पांच करोड़** : उल्लेखनीय है कि एनएच की मरम्मत और फोरलेन के लिए डीपीआर तैयार करने की खातिर सालभर पहले बजट स्वीकृति हुई थी। इस बजट में से करीब पांच करोड़ रुपए केवल सड़क मरम्मत के लिए ही थे, लेकिन सालभर बाद भी


इस मार्ग पर फेल हो रहे सरकार के डबल व ट्रिपल इंजन
•दुखदायी साबित हो रहा टूटे-फूटे मार्ग पर वाहनों का संचालन •केंद्र व राज्य और जिला परिषद में भी भाजपा पर सुविधा शून्य
पांच करोड़ में केवल पेचवर्क और वह आधे-अधूरे

इस सड़क पर दो-चार जगह पैबंदों के अलावा कुछ नहीं हुआ।

**यहीं से गुजरते हैं सांसद व जिला प्रमुख** : वैसे इस मार्ग से सटे गांवों में ही सांसद व जिला प्रमुख का निवास भी हैं। जिला मुख्यालय के लिए वे इसी मार्ग से आवागमन करते हैं, लेकिन बदहाल हो चुके इस हाईवे की ओर इनका ध्यान नहीं जा रहा। जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक में जिला प्रमुख ने इस मुद्दे पर जानकारी चाहने का प्रयास किया, लेकिन विभागीय अधिकारी ही गैरहाजिर थे।

**गैर हाजिरी पर कार्रवाई तक नहीं हो रही** : जिला परिषद की यह बैठक नौ से दस माह बाद आयोजित की गई। इसमें भी राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी गैरहाजिर ही रहे। यहां तक कि गत बैठक में भी इनकी ओर से किसी ने प्रतिनिधित्व नहीं किया। ऐसे में एनएच के अधीन सड़कों की मरम्मत और जनता की समस्याओं को लेकर यदि कोई सवाल भी पूछना हो तो जवाब देने वाला कोई नहीं। जनता के प्रति जवाबदेही रखने वाले जिम्मेदारों की गैर हाजिरी पर कार्रवाई भी कौन करेगा, यह कहना मुश्किल है।

## राजीविका एसएचजी की महिलाओं को दी गई साइबर क्राइम से बचाव की जानकारी



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत राजीविका द्वारा गठित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का तीन दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण जिला कार्यालय पर आयोजित किया गया।राजीविका की जिला परियोजना प्रबंधक डॉक्टर सुमन अजमेरा ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान समूह की महिलाओं को साइबर क्राइम से बचाव संबंधी जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण में पुलिस थाना कांकरोली के साइबर सेल हेड कांस्टेबल श्रीमती सीता शर्मा ने महिलाओं को बताया कि वर्तमान समय में ऑनलाइन ठगी, फिशिंग, फेक लिंक, ओटीपी फ्रॉड, बैंक कॉलिंग, सोशल मीडिया हैकिंग आदि के माध्यम से साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं।उन्होंने बताया कि ऐसे अपराधों से बचने के लिए सावधानियाँ आवश्यक हैं जैसे- किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें। अपनी व्यक्तिगत जानकारी जैसे ओटीपी, पासवर्ड या बैंक डिटेल किसी के साथ साझा न करें। ऑनलाइन खरीदारी केवल विश्वसनीय वेबसाइटों से ही करें। साइबर अपराध की स्थिति में तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 112 या 1930 पर कॉल करें।इस अवसर पर श्री भेरूलाल बुनकर, जिला प्रबंधक, ने उपस्थित महिलाओं से आग्रह किया कि वे अपने परिवार एवं समुदाय में भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाएँ ताकि किसी प्रकार की ठगी या धोखाधड़ी से बचा जा सके।प्रशिक्षण के दौरान डीआरसी हेड श्रीमती प्रीति लोधा, ब्लॉक परियोजना प्रबंधक श्री पुनीत पालीवाल, मास्टर ट्रेनर श्रीमती ज्योत्स्ना उपस्थित रहे।

## अधिकारी व जनप्रतिनिधि समन्वय से कार्य करें

### जिला परिषद की बैठक में उठे मुद्दे, नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही(नि.स.)।** जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक जिला प्रमुख अर्जुनराम की अध्यक्षता में बुधवार को हुई। इसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में जिला प्रमुख ने कहा कि अधिकारी गंभीरता से कार्य करते हुए पात्र लोगों को योजनाएं से लाभान्वित करें। अधिकारी व जनप्रतिनिधियों को परस्पर समन्वय से कार्य करते हुए जिले को विकास के क्षेत्र में अग्रणी बनाने एवं कार्यों को गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करवाने की बात कही। लंबित चल रहे विकास कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाशचन्द अग्रवाल व अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र जोशी ने विभिन्न विभागों से प्राप्त प्रगति प्रतिवेदन को प्रस्तुत किया। बैठक के दौरान सदस्यों ने अपने क्षेत्रों की समस्याएं बताई तथा समाधान की मांग रखी। इस दौरान शिक्षा, बिजली, पानी, चिकित्सा, सड़क आदि मुद्दों पर चर्चा की गई। सदस्यों ने बात रखी कि जनता की समस्याओं का समय पर निराकरण नहीं हो रहा है। इस पर जिला प्रमुख ने अधिकारियों को निर्देशित किया। प्रधान हंसमुखकुमार, जिला परिषद सदस्य पदमादेवी, दलिपसिंह मांडानी, मधुदेवी, रामलाल, मगन कोली, अर्जुनराम, सुकी देवी, कन्हैयालाल, जोसना, रतन कंवर, दिलीप जैन, किरणकुमार, रतनाराम समेत अन्य मौजूद रहे।

### एसआईआर को लेकर राजसमंद है तैयार : 7 फरवरी 2026 तक चलेगी की प्रक्रिया

## उप जिला निर्वाचन अधिकारी नरेश बुनकर ने राजनीतिक दलों के साथ बैठक ली

बढ़ता राजस्थान




**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के अंतर्गत फेज-2 में 12 राज्यों में मतदाता सूची अद्यतन प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है, जिसमें राजस्थान भी शामिल है। प्रदेश में 28 अक्टूबर 2025 से 7 फरवरी 2026 तक एसआईआर की संपूर्ण प्रक्रिया संपादित की जाएगी।जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार हसीजा के नेतृत्व में जिले में एसआईआर से संबंधित गतिविधियों के सफल क्रियान्वयन हेतु उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नरेश बुनकर ने बुधवार सायं कलेक्ट्रेट वीसी कक्ष में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की। बैठक के दौरान समस्त दलों को एसआईआर के पहलुओं के बारे में विस्तृत रूप से अवगत कराया गया।बुनकर ने राजनीतिक दलों को बताया कि 28 अक्टूबर से 3 नवबंर 2025 तक प्रशिक्षण एवं गणना प्रपत्र के मुद्रण का कार्य होगा। 4 नवबंर से 4 दिसंबर 2025 तक घर-घर गणना प्रपत्र के वितरण एवं संग्रहण का कार्य होगा।

9 दिसंबर 2025 को मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशित किया जाएगा। 9 दिसंबर 2025 से 8 जनवरी 2026 तक दावे एवं आपत्तियां ली जाएगी। 9 दिसंबर से 31 जनवरी 2026 तक नोटिस फेज रहेगा जिसमें सुनवाई एवं सत्यापन किया जाएगा। 7 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। जिले में वर्तमान मतदाता सूची के अनुसार सभी मतदाताओं का बूथ स्तर पर नियुक्त अधिकारियों द्वारा गणना प्रपत्र भरवाकर मैपिंग कार्य किया जाएगा। बैठक के दौरान श्री बुनकर ने राजनीतिक दलों द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों का समाधान करते हुए प्रक्रिया से संबंधित दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। समस्त दलों द्वारा इस कार्य में सहयोग हेतु आश्वस्त किया गया।

### प्रागपुरा में वित्तीय साक्षरता एवं साइबर फ्रॉड जागरूकता शिविर आयोजित

# डिजिटल युग में ज्ञान के साथ सुरक्षा की समझ भी आवश्यक

## छात्रों को डिजिटल सुरक्षा के गुर सिखाए

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** भारतीय रिजर्व बैंक एवं नाबार्ड बैंक के संयुक्त तत्वावधान में आरोह फाउंडेशन द्वारा बुधवार को पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, प्रागपुरा में वित्तीय साक्षरता एवं साइबर फ्रॉड जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और शिक्षकों को डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों एवं वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में प्रागपुरा थानाधिकारी कश्मीर सिंह ने साइबर अपराधों के विभिन्न स्वरूपों पर विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि आज फिशिंग कॉल, फेक लिंक, ऑनलाइन



गेमिंग और सोशल मीडिया के माध्यम से ठगी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि किसी भी परिस्थिति में अपना पासवर्ड, ओटीपी, सीवीवी, पिन या यूपीआई कोड किसी के साथ साझा न करें और संदिग्ध कॉल या लिंक पर क्लिक करने से पहले सतर्क रहें। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी होने पर तुरंत पुलिस या साइबर सेल को सूचना दें। वित्तीय सलाहकार अमित यादव ने वित्तीय साक्षरता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को सुरक्षित डिजिटल लेनदेन के तरीके बताए। उन्होंने कहा कि डिजिटल भुगतान के साधन जैसे यूपीआई, नेटबैंकिंग, क्रेडिट कार्ड का उपयोग बढ़ा है, लेकिन इनके साथ जोखिम भी उतने ही अधिक हैं। इसलिए हर व्यक्ति को वित्तीय रूप से साक्षर और सतर्क रहना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य विपिन कुमार मामोडिया ने आरोह फाउंडेशन एवं बैंक प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के जीवन में अत्यंत उपयोगी साबित होते हैं। इस अवसर पर यूनियन बैंक के शाखा प्रबंधक नटवर सिंह, धोलाराम यादव, मालाराम यादव, रामजीलाल गुर्जर, प्रकाश चंद गुर्जर, मुकेश कुमार जाट, निखिल गुप्ता, अरुण कुमार मीना, गोविंद सिंह, सुनील कुमारी यादव, रजनी बाला योगी, मुकेश कुमार यादव, अरविंद शर्मा, महावीर प्रसाद शर्मा, पूनम यादव, कृष्णा यादव, रामजीलाल योगी, उमा शंकर योगी, संजीता यादव, रामावतार स्वामी एवं पुष्पा कुमारी सहित विद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर विकसित भारत पदयात्रा को लेकर प्रेस वार्ता सम्पन्न

### एक भारत, आत्मनिर्भर भारत के संदेश के साथ Sardar@150 अभियान की दी जानकारी



बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** नगर परिषद निम्बाहेड़ा के वंडर टाउन हॉल में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले विकसित भारत पदयात्रा अभियान को लेकर पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी के द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई। प्रेस वार्ता में पूर्व विधायक अशोक नवलखा, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रतनलाल गायरी, प्रतापगढ़ जिलाध्यक्ष महावीर सिंह कृष्णावत, जिला महामंत्री रघु शर्मा व हर्षवर्धन सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, नगर मंडल अध्यक्ष कपिल चौधरी, पश्चिम मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह शक्तावत, पूर्वी मंडल अध्यक्ष अशोक जाट, जिला उपाध्यक्ष ओंकार लाल धाकड़, जिला मंत्री शौकीन चापलोत, कुलदीप प्रजापत उपस्थित रहे। कार्यक्रम के जिला संयोजक सीपी नामधरानी ने बताया कि यह अभियान युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित विकसित भारत पदयात्रा के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि यह पहल देश के लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती को समर्पित है, जिसका उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय एकता, कर्तव्य भावना और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करना है। विधायक श्रीचंद कृपलानी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि इस अभियान का डिजिटल शुभारंभ केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया द्वारा माई भारत पोर्टल पर किया गया है।

## डॉ. रामकेश गुर्जर ने संभाला भीलवाड़ा सीएमएचओ का पदभार : सरकार की मंशानुरूप जिले में टीम भावना से होगा स्वास्थ्य सेवाओं का क्रियान्वयन

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)** । राजस्थान सरकार के आदेशानुसार अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (प.क.) डॉ. रामकेश गुर्जर ने बुधवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ), भीलवाड़ा का अतिरिक्त कार्यभार संभाल लिया। अब वे अपने नियमित दायित्वों के साथ जिले की संपूर्ण स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की कमान भी संभालेंगे। कार्यभार हस्तांतरण के दौरान सीएमएचओ डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने डॉ. गुर्जर को अपना प्रभार सौंपा। इस अवसर पर डीटीओ डॉ. प्रदीप कटारिया, लेखाधिकारी प्रेम प्रकाश भाम्भी सहित कार्यालय के विभिन्न अनुभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने डॉ. गुर्जर का पुष्पमालाओं से स्वागत करते हुए उनके सफल कार्यग्रहण की शुभकामनाएं दीं।



कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत डॉ. रामकेश गुर्जर ने कहा कि राज्य सरकार की मंशानुरूप जनकल्याणकारी स्वास्थ्य योजनाओं को आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंचाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ क्रियान्वयन हेतु सभी अधिकारी एवं कार्मिक टीम भावना से कार्य करें, ताकि आमजन को गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

## राज्य सरकार द्वारा भीलवाड़ा शहर के मास्टर ड्रेनेज प्लान के लिए दी गई मंजूरी, विधायक अशोक कोठारी के प्रयास लाए रंग

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)** ।विधायक अशोक कोठारी ने भीलवाड़ा शहर को वर्षा ॠतु में जल भराव की समस्या से स्थाई निजात दिलाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। उनके निर्देशन में यूआईटी द्वारा भीलवाड़ा शहर हेतु मास्टर ड्रेनेज प्लान का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा गया था। जिसको राज्य सरकार द्वारा प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। वर्षाकाल के दौरान शहर की विभिन्न निचली आवासीय कॉलोनियों, बाजारों और मुख्य मार्गों पर जल भराव की गंभीर स्थिति को देखते हुए भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी ने इन क्षेत्रों का निरीक्षण किया था। उन्होंने नगर विकास न्यास के अधिकारियों को शहरवासियों को राहत देने के लिए समस्त नालों व नालियों की लेवलिंग हेतु मास्टर ड्रेनेज प्लान तैयार करने के निर्देश दिए थे। जिस पर नगर विकास न्यास के अधिकारियों द्वारा उक्त प्लान के निर्माण हेतु देश की सर्वश्रेष्ठ संस्था आईआईटी खड़गपुर का चयन कर प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा। इस व्यापक प्रस्ताव को राज्य सरकार के नगरीय विकास विभाग के उप शासन सचिव राकेश कुमार गुप्ता (प्रथम) ने राज्यपाल की आज्ञा से मंजूरी प्रदान कर दी। अत्याधुनिक तकनीक से संपूर्ण शहर में आधारभूत ढांचे व बार बार होने वाले जल भराव की समस्या के स्थाई समाधान हेतु आईआईटी खड़गपुर द्वारा शीघ्रातिशीघ्र कार्य प्रारम्भ किया जाएगा।

## जैतारण पुलिस ने 72 घंटे में किया बड़ा खुलासा, नाबालिग से गैंगरेप के दो आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र शर्मा एवं वृत्ताधिकारी सतेन्द्र सिंह नेगी के सुपरविजन में जैतारण थाना पुलिस ने नाबालिग से गैंगरेप के मामले में मात्र 72 घंटे में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता प्राप्त की है जानकारी के अनुसार 26 अक्टूबर 2025 को एक परिवादी ने पुलिस थाना जैतारण में रिपोर्ट दी थी कि उसकी 15 वर्षीय दोहिती को 3-4 युवकों ने बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाकर बलात्कार किया। रिपोर्ट दर्ज होते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों की तलाश प्रारंभ की घटना को गंभीरता से लेते हुए वृत्त स्तर पर एक विशेष पुलिस टीम गठित की गई। तकनीकी विश्लेषण, आसूचना संकलन एवं लगातार दबिशों के बाद पुलिस टीम ने 72 घंटे के भीतर दो आरोपियों को डिटेन कर पूछताछ की, जिनके अपराध स्वीकार करने पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। अन्य फरार आरोपियों की तलाश पुलिस द्वारा जारी है।

गिरफ्तार आरोपी राजुराम सीरवी पुत्र भीयाराम, उम्र 24 वर्ष, निवासी बेरा सीमजी वाला, देवरिया, थाना जैतारण। दिनेश जाट पुत्र प्रभुराम, उम्र 27 वर्ष, निवासी देवरिया, थाना जैतारण।

पुलिस टीम में यह लोग शामिल थे — थानाधिकारी राजुराम सीरवी, हेड कांस्टेबल संजय (रायपुर), बसंती, रामलाल, यशपाल, अजित सिंह, दुर्गाराम, विकास, राजाराम, सुनील सिलारी और दिनेश ढाका सहित पुलिस थाना जैतारण व वृत्त कार्यालय की टीम ने इस कार्रवाई में सराहनीय भूमिका निभाई।

### निंबाहेड़ा विधानसभा क्षेत्र में विकास की नई दिशा, जनता को मिला जनसुविधाओं का उपहार

# विधायक कृपलानी ने क्षेत्रवासियों को दी 13 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

### विधायक कृपलानी ने की 3 करोड़ की लागत के नवीन डॉम के निर्माण की घोषणा

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** निम्बाहेड़ा में आयोजित भव्य समारोह में पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने विधानसभा क्षेत्रवासियों को 13 करोड़ रुपये से अधिक की लागत के विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी। विधायक कृपलानी ने क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया। इसके साथ ही कृषि उपज मंडी निम्बाहेड़ा में किसानों की सुविधाओं के लिए 3 करोड़ की लागत से एक नवीन डॉम के निर्माण की घोषणा की।

इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक नवलखा, भाजपा जिलाध्यक्ष रतनलाल गायरी, जिला प्रमुख गब्बर सिंह अहीर, पूर्व नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, पूर्वी मण्डल अध्यक्ष अशोक जाट, पश्चिम मण्डल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह शक्तावत, कनेरा मण्डल अध्यक्ष जुगलकिशोर धाकड़, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष पारस पारख, नगर महामंत्री देवकरण समदानी, कमलेश बनवार, कमलेश बुनकर, नगर उपाध्यक्ष गोपाल पंचौली, लक्की आहूजा, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह राठौड़, नगर महामंत्री डॉ. आशीष टांक, चिराग मंत्री,




आदि सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

विधायक कृपलानी ने इस अवसर पर लगभग 13 करोड़ रुपये की लागत के जिन कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया, उनमें प्रमुख रूप से कृषि उपज मंडी समिति निंबाहेड़ा में 2.97 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित सेल्फ सपोर्टिंग डोम, 1.81 करोड़ रुपये की सीसी पेवमेंट सड़कें, 2.04 करोड़ रुपये की सीसी सड़क, 55 लाख रुपये का किसान कलेवा भवन, 66 लाख रुपये की बाउंड्री वॉल तथा 8.39 लाख रुपये के अन्य कार्य शामिल हैं।

कृषि उपज मंडी में उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान कृषि उपज मंडी समिति सचिव संतोष कुमार मोदी, क्रेता व्यापार संघ अध्यक्ष नानालाल भूतडा, अभिषेक वडारा, कमलेश दुग्गड, मनोज राजोरा, वैभव अब्बानी, मनोज मेहता, रौनक धुत, अक्षय मारू, अभिनव मारू, पुखराज सहलोत आदि सहित मंडी के व्यापारी, हम्माल एवं किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### जिला चिकित्सालय में हुए विकास कार्यों का लोकार्पण

इसके साथ ही जिला चिकित्सालय निंबाहेड़ा में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने हेतु अनेक महत्वपूर्ण कार्यों का लोकार्पण किया गया। जिनमें एनएचएम-पीआईपी योजना अंतर्गत 4.50 करोड़ रुपये की लागत से चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टाफ आवास निर्माण कार्य, श्री सेवा संस्थान के सहयोग से 12 लाख की ऑटो एनालाइजर मशीन, 4 लाख की ऑटो सीबीसी मशीन, आईडीबीआई बैंक के सहयोग से 9.95 लाख की सी.आर. मशीन, आरएमआरएस मद से 55 हजार की ऑटो एनालाइजर मशीन, 1.45 लाख की ऑटो फ्लोक्केंट एनालाइजर मशीन तथा 45 हजार की यूरिया एनालाइजर मशीन (11-13 मीटर) का लोकार्पण शामिल है। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान उपखण्ड अधिकारी विकास पंचौली, पीएमओ डॉ. राघव सिंह, डॉ. प्रशांत पाटीदार, डॉ. हरिओम तुर्किया, नर्सिंग अधीक्षक जितेंद्र सिंघवी, मुकेश खंडेलवाल, मनीष तोलम्बिया सहित चिकित्साकर्मी एवं नर्सिंग स्टाफ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### सड़क सुरक्षा पर प्रशासन सख्त

## ट्रैफिक सुधार, ओवरलोड व ड्रिंक एंड ड्राइव पर कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश




बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** जिला कलेक्ट्रेट सभागार में सार्वजनिक निर्माण विभाग वृत ब्यावर की ओर से आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक जिला कलेक्टर श्री कमल राम मीना की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में ब्यावर शहर एवं जिले में बढ़ती यातायात चुनौतियों, दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा सड़क सुरक्षा सुधार के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।कलेक्टर मीना ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी बिंदुओं पर समयबद्ध और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि शहर में ट्रैफिक का दबाव कम करने के लिए प्राइवेट बस स्टैंड को अन्य स्थान पर शिफ्ट करने की संभावना पर ठोस कदम उठाए जाएं बैठक में निर्णय लिया गया कि ओवरलोड वाहन, ओवरस्पीड तथा ड्रिंक एंड ड्राइव करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर रूप से की जाएगी ताकि सड़क हादसों में कमी लाई जा सके ऑटो चालकों के लिए ड्रेस कोड अनिवार्य किया जाएगा, साथ ही प्रत्येक ऑटो पर मालिक का नाम और मोबाइल नंबर अंकित किया जाएगा। सार्वजनिक परिवहन के रूट को व्यवस्थित करने और नई यातायात व्यवस्था लागू करने पर भी चर्चा हुई।बैठक में यह भी बताया गया कि पिपलाज ब्लैक स्पॉट पर सर्विस लाइन का कार्य शीघ्र पूरा किया जाएगा। वहीं ट्रैक्टरों और बैलगाड़ियों पर रिफ्लेक्टर लगाने तथा आवारा पशुओं के गले में बेल्ट लगाने की कार्रवाई को प्राथमिकता से संचालित करने के निर्देश दिए गए।बैठक में पुलिस अधीक्षक रतन सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र, अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार तंवर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे इस अवसर पर श्री सीमेंट, अल्ट्राटेक, अंबुजा सीमेंट, लाइफ लाइन यूनिक, वंदे मातरम ट्रस्ट, एक पहल फाउंडेशन आदि संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भी सड़क सुरक्षा अभियान में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

## ब्रह्मानंद धाम में श्रीमद भागवत कथा आज से



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** शहर के टाटगढ़ रोड स्थित ब्रह्मानंद धाम में गुरुवार से श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ हो रहा है। बाबूलाल, भागचंद और अरुण कुमार भूतड़ा परिवार की ओर से आयोजित यह कथा 5 नवंबर तक चलेगी।कथा व्यासपीठ से सुश्री प्रियांशी भारद्वाज (मथुरा) श्रोताओं को दिव्य कथा का रसपान करवाएंगी। शुभारंभ अवसर पर सांखला कॉलोनी से कथा स्थल तक कलश यात्रा निकाली जाएगी। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक होगी, जबकि अंतिम दिन 5 नवंबर को सुबह 9 बजे से कथा व समापन कार्यक्रम रखा गया है।

## वन स्टॉप सेंटर (सखी सेंटर) का सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के एक्शन प्लान की पालना में मंगलवार को अपर जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विशाल भार्गव ने वन स्टॉप सेंटर (सखी सेंटर) भीलवाड़ा का आकस्मिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सचिव ने सखी सेंटर की प्रबंधक अनु कंवर से बातचीत कर वहां आने वाली पीड़ित महिलाओं एवं बच्चियों की समस्याओं के निवारण हेतु संचालित योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने लंबित प्रकरणों की स्थिति, पीड़िताओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, स्वास्थ्य सेवाओं, चिकित्सा सहायता, पुलिस सुरक्षा तथा कानूनी सलाह आदि की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। सचिव ने सेन्टर के संचालन एवं व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए।

## वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ कपासन के तत्वावधान शालीभद्र जाप संपन्न



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** शासन प्रभाविका साध्वी कंचन कंवर म.सा. आदि ठाणा 3 के सानिध्य मे वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ कपासन के तत्वावधान में बुधवार को सामूहिक शालीभद्र का जाप किया गया ।साथ ही 32 महिलाओ द्वारा शालीभद्र की रानी का रूप धारण किया गया।

इस मौके पर साध्वी डॉ .सुलोचना ने धर्मसभा को संबोधित करते हुवे कहाकि लक्ष्मी प्राप्ति की अपेक्षा लक्ष्मी का त्याग करने से सच्चा सुख प्राप्त होता है।

साध्वी डॉ. सुलक्षणा ने समाज को चेताया कि बच्चों को कुसंस्कारों से बचाए तथा बच्चों को परंपराओं से दूर रखें जो हमारे धर्म एवं संस्कृति से दूर कर रही है।

इधर वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ कपासन अध्यक्ष सूर्यप्रकाश सिरोया ने उक्त शालिभद्र जाप कार्यक्रम भव्यतापूर्वक सम्पन्न हुआ ।इस दौरान शालिग्राम की रानियां बनी 32 महिलाओं को लक्की ड्रॉ के माध्यम से पेटिया भेंट की गयी।

इस धर्मसभा मे अशोक बोहरा भायंदर,स्थानीय संघ पदाधिकारी शंकरलाल लोढा,अनील बाघमार, अशोक बापना, राजेश खाब्या,प्रकाश आंचलिया,अशोकसिरोया, निर्मल बापना,मदन दुग्गड़,सम्पतलाल हींगड़,महिला मण्डल अध्यक्ष प्रियंका दुग्गड़,महिला मंडल मंत्री एवं पूर्व नगर पालिका कपासन पार्षद सुनिता सांवला,महिला मंडल सदस्य जागृति लोढा,सपना सिरोया आदि श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रहे।

## विहिप बजरंग दल का रक्तदान शिविर 2 नवंबर को

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)** । विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल महानगर द्वारा आगामी रक्तदान शिविर का आयोजन रविवार, 2 नवंबर को बलराम व्यायामशाला, दादीधाम रोड पर किया जाएगा। इस शिविर में सभी वर्गों के युवाओं की भागीदारी रहेगी। महानगर प्रचार प्रसार प्रमुख विराट सोनी ने बताया कि वर्ष 1990 में अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान असंख्य रामभक्त कारसेवकों ने राष्ट्र और धर्म के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर किया था। उन्हीं हुतात्माओं की स्मृति में प्रत्येक वर्ष हुतात्मा दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित किया जाता है। इस वर्ष के शिविर को लेकर सभी प्रखंडों में बैठकें आयोजित की जा रही हैं और युवाओं से अधिक से अधिक सहयोग की अपील की जा रही है। महानगर संयोजक मुकेश प्रजापत ने बताया कि सातों प्रखंडों के संयोजकों की बैठक में प्रभारी तय किए गए हैं। इनमें महाराणा प्रताप प्रखंड 1 के कैलाश साहू, स्वामी रामचरण प्रखंड 2 के रितिक जगतियानी, राणा सांगा प्रखंड 3 के विशाल वैष्णव, सुभाष नगर प्रखंड 4 के शुभम त्रिपाठी, महर्षि वाल्मीकि पुलिस लाइन प्रखंड 5 के अर्जुन साहू, आजाद नगर प्रखंड 6 के शुभम मिश्रा और बापू नगर प्रखंड 7 के नवीन आर्य शामिल हैं।

### बेटियों का दमदार दांव:वर्द्धमान की पहलवानों ने रचा नया इतिहास

# 38वीं अंतरमहाविद्यालय महिला कुश्ती प्रतियोगिता में एक स्वर्ण, तीन कांस्य पदक जीतकर वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय ने चमकाया ब्यावर का नाम

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 38वीं अंतरमहाविद्यालय महिला कुश्ती प्रतियोगिता में वर्द्धमान शिक्षण समिति संचालित वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय की छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

पी.टी.आई. सीमा कंवर के निर्देशन में छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ब्यावर का नाम रोशन किया सुमन भाटी ने 59 किलो श्रेणी में स्वर्ण पदक जीतकर पहला स्थान हासिल किया, जबकि लक्षिता (62 किलो), नीतू सैनी (57 किलो) और लकिता तुनगारिया (50 किलो) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किए।



महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.सी. लोढ़ा ने छात्राओं की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं कुश्ती जैसे चुनौतीपूर्ण खेल में भी देश व समाज का नाम रोशन कर रही हैं।

वर्द्धमान महाविद्यालय निरंतर शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी उत्कृष्टता के लिए प्रयासरत है।

इस अवसर पर वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख ने सभी विजयी छात्राओं को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि खेल गतिविधियों में भागीदारी से छात्राओं में नेतृत्व, अनुशासन और आत्मविश्वास का विकास होता है, जो जीवन में सफलता की कुंजी है।

## बाड़ी अस्पताल में सिजेरियन प्रसव सुविधा फिर शुरूः धौलपुर जाने की नहीं होगी जरूरत

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी (राजू शर्मा)।** बाड़ी शहर के सामान्य अस्पताल में सिजेरियन प्रसव की सुविधा फिर से शुरू हो गई है। वर्षों से बंद पड़ा ऑपरेशन थिएटर अब सक्रिय है, जिससे गर्भवती महिलाओं को बड़ी राहत मिली है। पिछले एक पखवाड़े में डॉक्टरों की टीम ने सफलतापूर्वक छह सिजेरियन प्रसव किए हैं, जिनमें जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। पहले प्रसव पीड़ा से जूझ रही गर्भवती महिलाओं को सिजेरियन डिलीवरी के लिए 35 किलोमीटर दूर जिला अस्पताल धौलपुर जाना पड़ता था। अब यह सुविधा बाड़ी के सामान्य अस्पताल में ही उपलब्ध होने से स्थानीय लोगों और ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को काफी सहूलियत हुई है।

सामान्य अस्पताल के डिप्टी कंट्रोलर डॉ. विवेक अग्रवाल ने बताया कि पूर्व में महिला सर्जन और एनेस्थेटिक चिकित्सकों की कमी के कारण सिजेरियन ऑपरेशन नहीं हो पा रहे थे। हाल ही में सर्जन और बेहोशी के चिकित्सक की नियुक्ति के बाद ऑपरेशन थिएटर को फिर से शुरू किया गया है।

अस्पताल के प्रभारी डॉ. हरिकिशन मंगल ने बताया कि स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनील कुमार मीणा और एनेस्थेटिक डॉ. सुमेरमल गुप्ता की नियुक्ति से सिजेरियन प्रसव संभव हो पाए हैं। ओटी प्रभारी नर्सिंग अधिकारी मुरारी लाल, ओटी सहायक महेश भास्कर और वार्ड बॉय भागीरथ सिंह की टीम लगातार सफल प्रसव करा रही है। डिलीवरी वार्ड के नर्सिंग प्रभारी धीरज पचौरी के अनुसार, सिजेरियन प्रसव के बाद प्रत्येक महिला को पूर्ण उपचार में पांच दिन जच्चा वार्ड में रखा जाता है और फिर जच्चा और बच्चा की जांच के बाद छुट्टी दी जाती है। छह महिलाओं में से तीन महिलाओं को मुख्यमंत्री आयुष्मान योजना का लाभ भी मिला है। अब बाड़ी, बसेड़ी, सरमथुरा और कंचनपुर सहित उपखंड क्षेत्र की महिलाओं को सिजेरियन प्रसव के लिए धौलपुर नहीं जाना पड़ेगा।

## बजरंग दल ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपाः नगरपालिका पर लगाए अनदेखी के आरोप, अतिक्रमणकी समस्या पर कार्रवाई की मांग की



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** बाड़ी में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने उपखंड अधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। उन्होंने शहर में लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए उपखंड अधिकारी को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।

बजरंग दल के पदाधिकारी ऋषभ शर्मा, भूरा पहलवान और समीर गोस्वामी ने बताया- शहर के मुख्य बाजार और सड़कों पर भारी अतिक्रमण है। पुराने नालों पर कब्जा कर दुकानें बना ली गई हैं, जिससे रास्ते संकरे हो गए हैं। किला गेट से मुख्य बाजार में तो स्थिति यह है कि चार पहिया वाहन का निकलना भी मुश्किल है, जबकि नगरपालिका के नक्शे में बाजार 30 से 40 फीट चौड़ा है।

**इन जगहों पर अतिक्रमण :** यह अतिक्रमण नए बने बाजारों में भी जारी है। महाराज बाग सर्किल से गुरु की बगिया होकर अंबेडकर पार्क, भारद्वाज मार्केट, गर्ल्स स्कूल, हॉस्पिटल तिराहे के साथ बसेड़ी रोड, रेलवे फाटक, सीताराम बाजार और लुहार बाजार तक हर जगह अतिक्रमण व्याप्त है। इसके परिणामस्वरूप शहर में आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे एंबुलेंस, पुलिस और दमकल जैसी आपातकालीन सेवाओं के वाहनों को निकलने में घंटों लग जाते हैं।

### नगरपालिका को दी चेतावनी

बजरंग दल के मानवेन्द्र सिंह, श्यामू शर्मा, भूरा, राकेश और सचिन ने आरोप लगाया कि नगरपालिका इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रही है, बल्कि केवल खानापूर्ति के लिए अभियान चलाती है। उन्होंने बताया कि बजरंग दल ने पहले भी प्रशासन को ज्ञापन दिया था, लेकिन उस पर कोई सुनवाई नहीं हुई। अब एक बार फिर उपखंड अधिकारी को कलेक्टर के नाम ज्ञापन देकर त्वरित और ठोस कार्रवाई की मांग की गई है। चेतावनी दी गई है कि यदि सुनवाई नहीं हुई तो बजरंग दल के कार्यकरताऔ ऋषभ शर्मा नगर सयोजक बाड़ी भूरा पहलवान जिला सुरक्षा प्रमुख बजरंग दल वरिष्ठ कार्यकर्ता समीर गोस्वामी मोनू परमार देशराज गुर्जर रामू अंशु और आमजन के साथ मिलकर विरोध प्रदर्शन करेगा।

## प्रकृति का अद्भुत संगम कैमरे में कैद सह-अस्तित्व का जीवंत चित्र : राष्ट्रीय उद्यान के साथ जुड़ा है अजान बांध का अद्भुत संगम



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** धुंधली सुबह की पहली किरणों में भरतपुर के अजान बांध के पास एक शांतिपूर्ण खेत में एक ऐसा दृश्य उभरा, जो मानो प्रकृति की कविता हो। ट्रैक्टर पर सवार किसान खेत की जुताई कर रहा है और उनके पीछे सफेद बगुलों का विशाल झुंड उड़ान भरते हुए कीटों का पीछा कर रहा है। यह मनोरम क्षण कैद किया है वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर दीपक मुदगल ने, जिनकी लेंस ग्रामीण संस्कृति और वन्य जीव की आत्मा को अमर कर देता है।

मुदगल, जो पिछले कई वर्षों से वन्य जीवों को अपनी कला से संरक्षित करने में लगे हैं, इस फोटो को ष्प्रकृति का सह-अस्तित्वष् नाम देते हैं। यह सिर्फ एक तस्वीर नहीं, बल्कि एक संदेश है। उन्होंने बताया कि ष्ट्रैक्टर की धूल उड़ते ही सफेद बगुले प्रकृति के प्राकृतिक सफाईकर्मी बन जाते हैं। वे कीटों को खाकर खेत को स्वस्थ रखते हैं। पृष्ठभूमि में हरे-भरे पेड़, दूर खड़ी फूंस की झोपड़ी और कुछ ग्रामीण मजदूर इस दृश्य को एक जीवंत कैनवास बना रहे हैं।

### राज्य स्तरीय 69वीं ऐथलेटिक्स प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

# सरकार शैक्षणिक साथ ही खेलों के विकास के लिए भी संकल्पित : जवाहर सिंह बेढम

### प्रदेशभर से 41 बालिका टीम, 44 बालक वर्ग टीम के 893 खिलाड़ी ले रहे हैं भाग

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** राज्य स्तरीय 69वीं ऐथलेटिक्स 14 वर्षीय छात्र-छात्रा वर्ग प्रतियोगिता का शुभारम्भ गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म के मुख्य आतिथ्य में बुधवार को लोहागढ़ स्टेडियम में समारोह पूर्वक ध्वारोहण के साथ किया गया। उद्घाटन समारोह में अतिरिक्त कलक्टर शहर राहुल सैनी, शिक्षाविद् सुनील चतुर्वेदी, आयोजन समिति के सचिव जिला शिक्षा अधिकारी प्रा. अतुल चतुर्वेदी सहित गणमान्य नागरिक एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि ने कहा कि खेलों से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है, अपने सपनों को साकार करने के लिए सभी खिलाड़ी खेलों को खेल की भावना से खेलते हुए अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए स्कूली स्तर से लेकर ओलम्पिक स्तर तक भाग लेने वाले युवाओं को अनेक सुविधाऐं शुरू की हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में उत्कृष्ट खिलाड़ियों को आउट ऑफ टर्म नियुक्ति दी जा रही है, नये स्टेडियम बनाये जा रहे है।

जिलेवार खेलों की परम्पराओं को देखते हुए अकादमी स्थापित की जा रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में आईटी के युग में युवाओं को प्रारंभिक स्तर पर खेलों के लिए प्रेरित करना होगा तभी जाकर अपनी प्रतिभा को निखार सकेंगे।

गृह राज्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में आमजन की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कृत संकल्पित है। शैक्षणिक उन्नयन में भी प्रदेश को अग्रणीय बनाने के लिए विद्यालय भवनों की साज-सज्जा के साथ ही नवीन शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थियों को सुविधाऐं प्रदान की जा रही।

चिकित्सा के क्षेत्र में आयुष्मान योजना में 25 लाख तक ईलाज की सुविधा मिल रही है। उन्होंने कहा की स्कूलों में शैक्षिणक वातावरण के साथ पोषण का भी ध्यान रखा जा रहा है। बच्चों को मिड-डे-मील, दूध मिल रहा है, स्कूटी, साईकिल एवं बाउचर प्रदान किये जा रहे है। शिक्षाविद् सुनील चतुर्वेदी ने कहा कि प्रदेशभर के बच्चें यहां से अच्छी स्मृति लेकर जाये। उन्होंने सुझाव दिया कि स्कूली स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में आवश्यकता को देखते हुए बजट बढाया जाये। आयोजन सचिव जिला शिक्षा अधिकारी अतुल चतुर्वेदी ने स्वागत करते हुए प्रतियोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

प्रतियोगिता में प्रदेशभर से 41 बालिका टीम, 44 बालक वर्ग टीम के 893 खिलाड़ी तथा 250 प्रभारी शिक्षिक भाग ले रहे है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा, सीडीओ अनित कुमार, शा.शि. विजय सिंह, डॉ. अशोक सिंह, केदार बारां सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक खिलाडी एवं शारिरीक शिक्षिक उपस्थित रहे।

## आध्यात्म ही भारतीय संस्कृति का मूल आधार - जवाहर सिंह बेढम

### मातृशक्ति की अगुवाई में निकली भव्य कलश यात्रा में पैदल चलकर बढ़ाया श्रद्धालुओं का उत्साह, संतों का लिया आशीर्वाद



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** गृह, गोपालन, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग राज्य मंत्री श्री जवाहर सिंह बेढ़म ने बुधवार को अपनी विधानसभा नगर के ग्राम पान्हौरी में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के महा-अनुष्ठान का शुभारंभ किया। भक्ति और सांस्कृतिक उल्लास से सराबोर इस आयोजन में श्री बेढ़म न केवल मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए, बल्कि एक श्रोता और एक भक्त के रूप में संतों और ग्रामवासियों के बीच पैदल चलकर उन्होंने सनातन संस्कृति के प्रति अपनी गहरी आस्था और प्रतिबद्धता को प्रकट किया।

**मातृशक्ति ने की कलश यात्रा की अगुवाई :** कार्यक्रम का शुभारंभ गांव की मातृशक्ति द्वारा निकाली गई एक भव्य और मनमोहक कलश यात्रा के साथ हुआ। सैंकड़ों महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण किए, भक्ति गीत गाती हुईं जब कथा स्थल की ओर बढ़ीं, तो श्रद्धा और उत्साह का एक अद्भुत संगम देखने को मिला। गृह राज्य मंत्री श्री बेढ़म स्वयं इस कलश यात्रा में शामिल हुए। वे कथा व्यास, पूज्य संतों और श्रद्धालुओं के विशाल जनसैलाब के साथ कदम से कदम मिलाकर चले। उनके चेहरे पर आध्यात्मिक शांति और हाथ जोड़े हुए विनम्र भाव, संतों के प्रति उनका आदर और जन-जन के प्रति उनका सहज अपनापन दर्शा रहे थे।

### संस्कृति की संवाहक हैं माताएं-बहनें

इस पावन अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए, गृह राज्य मंत्री श्री बेढ़म ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि यह हमारी जीवन पद्धति, हमारे संस्कारों और हमारी एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा, ष्जिस प्रकार आज यहां पान्हौरी की मातृशक्ति ने इस भव्य कलश यात्रा की अगुवाई की है, वह यह सिद्ध करता है कि हमारी माताएं और बहनें ही हमारी संस्कृति की असली संवाहक हैं। उनकी यह आस्था और निष्ठा ही हमारे समाज की नींव को मजबूत रखती है।

## अवैध खनन मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** धौलपुर जिले के आंगई थाना पुलिस ने अवैध खनन मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी संतोष कुमार को डीएसटी टीम धौलपुर से जानकारी मिली थी कि धौंद रोड मरा कोना के पास अवैध खनन हो रहा है। सूचना पर थानाधिकारी संतोष कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि एक हाइड्रा मशीन का ड्राइवर पत्थरों के ब्लॉक को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जा रहा था, जबकि एक ट्रैक्टर चालक कंप्रेसर मशीन से पत्थर तोड़ रहा था। पुलिस को देखते ही दोनों वाहनों के चालक अपने वाहन बंद कर जंगल की ओर भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर हाइड्रा ड्राइवर को पकड़ लिया, लेकिन ट्रैक्टर ड्राइवर जंगल का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। पुलिस ने ट्रैक्टर और कंप्रेसर मशीन को भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 303 (2), वन अधिनियम की धारा 41, 42 और एमएआरडी एक्ट की धारा 4/21 के

तहत जब्त कर लिया। इस मामले में थाना आंगई में प्रकरण संख्या 152/2025 दर्ज किया गया था। वांछित आरोपी की तलाश जारी थी। 28 अक्टूबर 2025 को मुखबिर की सूचना पर आरोपी आरोपी भूरा (35) पुत्र हरी सिंह चिलाचौंद, थाना आंगई को गिरफ्तार कर लिया गया।

## आमजन के अच्छे स्वास्थ्य और चिकित्सा हेतु आयुर्वेद को घर-घर पहुंचाने में लगें हैं डॉ. चन्द्र प्रकाश दीक्षित

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** आयुर्वेद दुनिया की पहली प्राचीनतम चिकित्सा पद्धति है। वर्तमान के आधुनिक युग में तमाम चिकित्सा पद्धतियों की मौजूदगी के उपरांत भी आयुर्वेद को सबसे भरोसेमंद और मानव को पूर्ण रोग मुक्त करने वाली दोष रहित चिकित्सा पद्धति माना जाता है जिसे दुनिया के तमाम मुल्क अपना रहे हैं।

आयुर्वेद के सिद्धांत को ध्येय बनाकर स्वस्थ समाज के निर्माण की अवधारणा को साकार करने में लगे हुए हैं राजकीय आयुर्वेद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध जिला आयुर्वेद चिकित्सालय के उपाधीक्षक वैद्य चंद्र प्रकाश दीक्षित। दीक्षित ने पत्रकार से बातचीत करते हुए बताया कि वह राजकीय आयुर्वेद सेवा में चिकित्सक पद पर 1991 में नियुक्ति से ही उन्होंने निश्चय कर लिया कि वह आयुर्वेद के महान ज्ञाताओं चरक, सुश्रुत द्वारा योग्य चिकित्सक के लिए वर्णित गुणों को चिकित्सीय सेवा में आत्मसात करते हुए आयुर्वेद के सिद्धांतों उसकी उपयोगिता और महत्व को स्थापित करते हुए स्वस्थ मानवता के निर्माण के लिए कार्य करेंगे। उनका मानना है कि रोगग्रस्त होकर उपचार कराने से बेहतर है कि ऐसी जीवन शैली अपनाई जाए जिससे बीमार होने की नौबत ही ना आए। यह सहज सरल और सुगम हो।

इसी अनुभव और स्व प्रेरित भाव से उपजी परिकल्पना को साकार करने के लिए एक जन जागरण मॉडल तैयार किया गया जिसमें आयुर्वेद विभाग की ओर से नियमित समयावधि में शिविरों, कार्यशालाओं का आयोजन किया जाए इसके लिए उन्होंने एक कैलेंडर तैयार किया और विभाग से स्वीकृति प्राप्त की। अब इन शिविरों और कार्यशालाओं का आयोजन निर्वाध रूप से किया जा रहा है जिनमें निशुल्क चिकित्सा, परामर्श, निशुल्क दवा वितरण के साथ-साथ स्वस्थ समाज ,सजग नागरिक की भावना के साथ ही आरोग्य जीवन दर्शन को व्यावहारिक रूप देने का कार्य किया जा रहा है।

## विधायक डॉ. गर्ग ने तीन गांव के विकास के लिये स्वीकृत की 20 लाख की राशि

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** भरतपुर विधान सभा क्षेत्र के विकास के लिये समर्पण भाव से कार्य कर रहे पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ सुभाष गर्ग ने तीन गांवों की क्षतिग्रस्त सडकों के निर्माण के लिये करीब 20 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की है। सडकों के बन जाने से ग्रामीणों की राह आसान होगी और जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी।

डॉ. गर्ग ने जाटौली रथभान ग्राम पंचायत के गांव कारौठ में सीमेंट इंटरलॉकिंग ईंट खरंजा से सडक का निर्माण कराने के लिये विधायक निधि से साढे सात लाख रुपये की अभिशंषा जारी की है। वहीं खैमरा ग्राम पंचायत के गांव बांसी बिरहना में खराब पडी सडकों से ग्रामीणों को हो रही परेशानी को देखते हुये सीमेंट इंटरलॉकिंग ईंट खरंजा से सडक का निर्माण कराने के लिये विधायक निधि से 6 लाख रुपये की राशि मंजूर की है।

इसके अलावा डॉ. सुभाष गर्ग ने इकरन ग्राम पंचायत के गांव इकरन में भी खराब सडक को बनवाने के लिये करीब 6 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की है। इन सडकों के निर्माण हो जाने से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के आवागमन में हो रही परेशानी दूर होगी तथा जलभराव की समस्या से भी क्षेत्र के लोगों को राहत मिलेंगी।

## छात्रों को ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के उपाय बताए

### मिलिट्री स्कूल में साइबर जागरूकता, टू-स्टेप वेरिफिकेशन की सलाह

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर (राजू शर्मा)।** राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के तहत बुधवार को धौलपुर जिले के राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल में एक साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देश पर वृत्ताधिकारी मुनेश कुमार के नेतृत्व में साइबर थाना धौलपुर की टीम ने छात्रों, शिक्षकों और स्टाफ को साइबर सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम में सोशल मीडिया सुरक्षा पर विशेष जोर दिया गया। छात्रों को सलाह दी गई कि वे अनजान फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें, अपनी निजी जानकारी साझा न करें और मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें। उन्हें टू-स्टेप वेरिफिकेशन का उपयोग करने की भी सलाह दी गई ताकि उनके खाते सुरक्षित रहें। पुलिस टीम ने छात्रों को फर्जी जॉब ऑफर्स, ट्रेडिंग ऐप्स और क्रिप्टो निवेश के नाम पर होने वाले ऑनलाइन धोखाधड़ी से सतर्क किया। उन्हें बताया गया कि संदिग्ध एपीके फाइलें इंस्टॉल करने से मोबाइल हैक हो सकता है, इसलिए केवल आधिकारिक ऐप स्टोर से ही ऐप डाउनलोड करें। वॉट्सऐप और टेलीग्राम जैसे ऐप्स के ऑटो-डाउनलोड फीचर को बंद रखने की भी सलाह दी गई। साइबर टीम ने फर्जी कॉल और केवाईसी अपडेट के बहाने ओटीपी या यूपीआई पिन मांगने जैसी ठगी से बचने के उपाय भी बताए। इसके अतिरिक्त, ऑनलाइन शॉपिंग में धोखाधड़ी, नकली ई-कॉमर्स साइट्स और लॉटरी या इनाम जीतने के झांसे से भी सावधान रहने की चेतावनी दी गई। कार्यक्रम के अंत में पुलिस टीम ने सभी को किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल कार्रवाई करने की सलाह दी। पीड़ितों को हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करने के लिए कहा गया।

### 28 अक्टूबर 2025 से 7 फरवरी 2026 तक चलेगी एसआईआर की प्रक्रिया

## विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर जिला तैयार- जिला निर्वाचन अधिकारी

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर (राजू शर्मा)।** जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर जिला पूरी तरह तैयार हैं। फेज-2 में 12 राज्यों में एसआईआर प्रारंभ होने जा रहा है जिसमें राजस्थान भी शामिल है। उन्होंने बताया कि जिले में 28 अक्टूबर 2025 से 7 फरवरी 2026 तक एसआईआर की प्रक्रिया चलेगी।

उन्होंने बताया कि 28 अक्टूबर से 3 नवबंर 2025 तक प्रशिक्षण एवं गणना प्रपत्र के मुद्रण का कार्य होगा। 4 नवबंर से 4 दिसंबर 2025 तक घर-घर गणना प्रपत्र के वितरण एवं संग्रहण का कार्य होगा। 9 दिसंबर 2025 को मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशित किया जाएगा। 9 दिसंबर 2025 से 8 जनवरी 2026 तक दावे एवं आपत्तियां ली जाएगी। 9 दिसंबर से 31 जनवरी 2026 तक नोटिस फेज रहेगा जिसमें सुनवाई एवं सत्यापन किया जाएगा। 7 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश भी दिए जा चुके हैं। इसमें मुख्य रूप से मतदान केन्द्रों के पुनर्गठन, बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण, राजनैतिक दलों को सूचना, मीडिया प्रबंधन, ऑनलाइन प्रपत्र भरने को बढ़ावा देना एवं आईईसी सामग्री के प्रकाशन को लेकर जिले में विस्तृत चर्चा एवं आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

### बीएलओ, स्वयंसेवकों एवं हेल्पडेस्क कार्मिकों का प्रशिक्षण

उन्होंने बताया कि समस्त बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण किया जा चुका है, शीघ्र ही इनके लिए रिफ्रेशर सत्र आयोजित किया जाएगा। बीएलओ द्वारा अपनी दैनिक प्रगति का अभिलेखन किया जाएगा जिसके आधार पर ईआरओ, डीईओ एवं सीईओ स्तर पर उनका पर्यवेक्षण किया जाएगा। साथ ही स्वयंसेवकों एवं हेल्पडेस्क कार्मिकों का प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किया जाएगा।

## कोटपूतली थाना पुलिस की त्वरित बड़ी कार्यवाही : दो गुमशुदा नाबालिकों को 6 घंटों में किया दस्तयाब

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** कोटपूतली बहरोड़ जिले के थाना कोटपूतली पुलिस ने त्वरित बड़ी कार्यवाही करते हुए दो गुमशुदा नाबालिकों को 06घण्टों में दस्तयाब किया है। जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार विश्नोई ने बताया कि पुलिस मुख्यालय जयपुर द्वारा गुमशुदाओं की दस्तयाबी हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है !जिसके तहत अधिक से अधिक गुमशुदाओं को दस्तयाब करने बाबत समस्त थानाधिकारियों को निर्देशित किया गया था। जिसकी पालना में 28अक्टूबर 2025को नगर परिषद क्षेत्र कोटपूतली से गुम हुए दो नाबालिक बच्चों की तलाश पतारसी एवं दस्तयाबी हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा व कोटपूतली वृतांधिकारी राजेन्द्र कुमार बुरडक के सुपरविजन में तथा थानाधिकारी राजेन्द्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। विश्नोई ने बताया कि गठित टीम ने नगर परिषद क्षेत्र में कड़ी मेहनत और लगन से कार्य करते हुए विश्वसनीय सूत्रों से आसूचना संकलन एवं तकनिकी मदद तथा सीसीटीवी फुटेज से गुमशुदा बच्चों की तलाश पतारसी करते हुए 28अक्टूबर 2025को दस्तयाब किया जाकर परिजनों के सुपुर्द किया गया। टीम में थानाधिकारी राजेन्द्र कुमार शर्मा,सहायक उपनिरीक्षक धवलाराम, कांस्टेबल वीरेन्द्र कुमार व जीतेन्द्र कुमार शामिल रहे।

**कार्यवाही का विवरण इस प्रकार है:** परिवादी बनवारी लाल पुत्र रामरतन सैनी आयु 41साल निवासी श्याम नगर, थाना कोटपूतली व कृष्ण कुमार पुत्र रामसिंह गुर्जर आयु 32साल निवासी ईशराका बास थाना हरसौरा ने उपस्थित थाना होकर दर्ज कराया कि प्रार्थियों के बच्चे घर से कहीं गुम हो गए हैं !जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार विश्नोई ने बताया कि कोटपूतली थाना पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की गईं तथा सीसीटीवी फुटेज चैक किए गए व आसूचना संकलन कर नाबालिक बच्चों को त्वरित कार्यवाही करते हुए 06घण्टे में दस्तयाब किया गया जो कोटपूतली थाना पुलिस की बड़ी कार्यवाही है।

## आयुक्त के निर्देश पर अधिकारियों ने भी किया वार्डों का दौरा

# अग्यारा में निगम आयुक्त ने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का किया दौरा, शहर में सफाई व्यवस्था का भी किया औचक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका ने बुधवार को अग्यारा स्थित ट्रीटमेंट प्लांट और सालिड वेस्ट प्लांट का निरीक्षण किया और जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इसके अलावा आयुक्त नरूका ने अंबेडकर नगर स्थित टिंच पर कचरा एकत्रीकरण की व्यवस्था का निरीक्षण किया। साथ ही फायर स्टेशन पर ऑटोटिपर के संचालन के रूट और समय की जानकारी ली। आयुक्त सोहन सिंह नरूका ने यहा उपस्थित प्रभारी कहा की प्रत्येक वार्ड में नियमित रूप से ऑटोटिपर भेजे जाएं। साथ ही इनकी लगातार मॉनिटरिंग हो। इसके अलावा खराब पडे ऑटोटिपर की तुरन्त मरम्मत करवाई जाए। उन्होंने कहा कि व्यवसायिक इलाकों में सुबह और शाम की पारी में टिपर चलाए जाएं और लोगों को स्चच्छता के प्रति लगातार जागरूक किया जाए।



इससे पहले निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका ने बुधवार सुबह शहर की सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। इस दौरान आयुक्त नरूका ने एनईबी हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र के आसपास और सफाई सेक्टर नंबर 5 का औचक निरीक्षण किया। आयुक्त नरूका ने सेक्टर कार्यालय हाजिरी रजिस्टर की जांच की और संबंधित प्रभारी को नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। साथ ही संवेदक के कर्मचारियों की भी नियमित रूप से उपस्थिती जांच के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त सोहन सिंह नरूका ने अग्रसेन चौराहे के पास स्थित सब्जी मंडी क्षेत्रए लोहामंडी और मदरसा रोड इलाके का भी निरीक्षण किया। निगम आयुक्त ने इस दौरान निर्देश दिए की ट्रेक्टर ट्रोली में एकत्र किए हुए कचरे को पूरी तरह से ढक कर ही टिंच तक ले जाना सुनिश्चित करें ताकि कचरा सडक पर नहीं फेले। उन्होनें कहा की कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका ने बताया कि सफाई व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी।

निगम के अधिकारियों ने भी किया वार्डों का निरीक्षण. सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका के निर्देश पर निगम के अधिकारी और कर्मचारी भी विभिन्न वार्डों में दौरे पर रहे। इस दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों ने आवंटित वार्डों में हाजिरी रजिस्टर और सफाई व्यवस्था का जायजा लेकर निगम आयुक्त को जानकारी दी। निगम आयुक्त ने सभी को निर्देश दिए की सुबह और दोपहर की दोनों पारियों सहित रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था का नियमित निरीक्षण करें।

आमजन से की स्वच्छता की अपील. -आयुक्त नरूका ने आमजन और व्यापारियों से अपील करते हुए कहा की सभी अपने घरों और प्रतिष्ठानों पर गीला और सूखा कचरा अलग.अलग डस्टबिन में रखें और ऑटोटिपर आने पर उसमें कचरा डालें।

## रोडवेज कर्मचारियों का संयुक्त मोर्चा अलवर एवं मत्स्य नगर आगार

# रोडवेज कर्मचारियों ने निकाली आक्रोश रैली 5 नवंबर को करेंगे चक्का जाम

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** राजस्थान रोडवेज के कर्मचारियों का संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर दोपहर 12 बजे रोडवेज कर्मचारियों ने आक्रोश रैली निकाली विज्ञप्ति में बताया कि दिनांक 12 सितंबर को लक्ष्मणगढ़ बस स्टैंड पर महिला परिचालक से मारपीट करने वाले प्रीति मीणा व हेमंत मीना को आज तक गिरफ्तार नहीं किया गया है जिससे रोडवेज कर्मचारियों में आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है इस अवधि में थाना अधिकारी लक्ष्मणगढ़,पुलिस उपाधीक्षक लक्ष्मणगढ़, पुलिस अधीक्षक अलवर सहित एडीएम ग्रामीण एडीएम सिटी को भी ज्ञापन के माध्यम से गिरफ्तारी की मांग की गई परंतु आज दिनांक तक गिरफ्तारी नहीं होने से कर्मचारियों में भारी आक्रोश है आज दोपहर 12:00 बजे अलवर बस स्टैंड से रैली रवाना होकर नारेबाजी करते हुए होप सर्कस पहुंची होप सर्कस पर वक्ताओं ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए 5 नवंबर 2025 के लिए तैयार रहने के लिए प्रेरित किया कर्मचारियों ने कहा कि यदि 5 नवंबर तक गिरफ्तारी नहीं की जाती है




तो 12 बजे से 2 बजे तक 2 घंटे का रोडवेज का चक्का जाम किया जाएगा 5 नवंबर 2025 को फिर भी प्रशासन अपनी गहरी नींद से नहीं जागा तो आगे अनिश्चितकालीन चक्का जाम किया जा सकता है।

रैली के दौरान शांति देवी,डालचंद मिश्रा, इकबाल, कालीचरण जोशी, तेजपाल सैनी,हेमलता सैनी, बाबूलाल गौड़, नवल सिंह, बबीता ,शैल्या शर्मा, रामेश्वरी, टॉप सिंह, लेखराम शर्मा ,रामकिशन, गिरिराज शमा, राजकुमार बक्शी, बबली, अजीत सीडी ,लक्ष्मी देवी, छोटी, सुमेर सिंह ,प्रीतम सिंह, सूबे सिंह चौधरी, बृजेश गुप्ता,मुकेश कृष्ण, कुमार मीणा, मनमोहन शर्मा, महेंद्र चौधरी, बृजेंद्र सिंह, अशोक यादव,सहित सैकड़ो रोडवेज कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खाली भूखंड स्वामियों पर नकेल कसेगा निगम,सर्वे कर नोटिस किए जाएंगे जारी



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** शहर की सभी कॉलोनियों में बिना निर्माण अथवा चारदीवारी के खाली पडे भूखंड स्वामियों को नगर निगम नोटिस देने की तैयारी में है। निगम की ओर से इसका सर्वे कराया जाएगा। नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका ने बताया कि इस संबंध में कनिष्ठ अभियंताओं और सेक्टर प्रभारियों को पाबंद किया गया है। इसे सर्वे के बाद भूस्वामियों को नोटिस देकर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि बिना चारदीवारी के खाली पडे भूखंडों के कारण आसपास के लोग यहां कचरा डालते है। जिसके कारण बीमारियां फेलने का खतरा रहता है। साथ ही झाडियां आदि उगने से सफाई व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका ने ऐसे भूखंड स्वामियों से अपील करते हुए कहा कि सभी अतिशीघ्र अपने खाली भूखंडों की सफाई करवाकर निगम को सूचित करें ताकि सफाई व्यवस्था बेहतर हो सके।

## राजगढ़ में हुआ अलवर सांसद खेल उत्सव 2.0 का शुभारंभ

### छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** बुधवार को कस्बे के प्रताप स्टेडियम में अलवर सांसद खेल उत्सव 2.0 का शुभारंभ बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा नेता बन्नाराम मीना, केन्द्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव की बेटी प्रज्ञा यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। खेल उत्सव के उद्घाटन अवसर पर क्षेत्रभर से आए सरकारी और निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं में भारी उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने खेल उत्सव में पंजीकरण कर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया। उत्सव के तहत रस्साकशी, खो-खो, कबड्डी, बास्केटबॉल सहित कई खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया खेल मैदान में जोश और उमंग का माहौल देखने को मिला।

आयोजन समिति ने बताया कि सांसद खेल उत्सव का उद्देश्य युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाना और ग्रामीण प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करना है। इस दौरान खेल प्रेमियों, अध्यापकों अच्छी खासी मौजूदगी रही। कार्यक्रम के सफल संचालन में प्रशासन, विद्यालयों के शिक्षक व खेल प्रशिक्षकों का विशेष योगदान रहा। उल्लेखनीय है कि अलवर संसदीय क्षेत्र में यह उत्सव चरणबद्ध रूप से विभिन्न उपखंडों में आयोजित किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक युवा प्रतिभाओं को आगे बढने का अवसर मिल सके।

इस दौरान केन्द्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव की बेटी प्रज्ञा यादव, भाजपा प्रत्याशी बन्नाराम मीना, नगरपालिका चेयरमैन सतीश दुहारिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रकाश दीक्षित, भजेड़ा सरपंच सीमा मीना, प्रेमनाथ धामाणी, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कमल कुमार मीना, रैणी मंडल अध्यक्ष राजेश मीना, सुखराम मीना, उमेश मण्डावरा, जगमोहन शर्मा, मनोज शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग व बच्चे उपस्थित रहे।

## अलवर के स्केटिंग खिलाडिय़ों ने उदयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चमकाया जिले का नाम



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** थंडर स्केटिंग अकादमी के प्रतिभाशाली खिलाडयिों ने आरएसएफआई द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता हाल ही में आयोजित की गईए जिसमें अकादमी के 15 खिलाडयिों ने शानदार प्रदर्शन किया। कोच क्षमा अग्रवाल और सौम्या अग्रवाल के कुशल निर्देशन में खिलाडयिों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। छात्रा रीत चौधरी ने अंडर-10 से 12 वर्ग में बेहतरीन प्रदर्शन कर100 मीटर में स्वर्ण पदक और 1000 मीटर में रजत पदक जीता। तेजस गुप्ता ने 4 से 6 आयु वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 200 मीटर में रजत पदक और 300 मीटर में कांस्य पदक हासिल किया। प्रतियोगिता में अकादमी के अन्य प्रतिभागी प्रकृति, मान्या, अंतरिक्ष, भाविक, तेजस, दानिश, अथर्व, दीपान्या, मोहम्मद फैज़, जतिन, ऋषि, प्रताप, हर्षवर्धन, युगांक और कृष्णवी ने भी सराहनीय प्रदर्शन किया।

## अफ्रीका से आएं 18 सदस्यीय टीम ने राजीविका के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यों का किया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** अफ्रीका से आएं 18 सदस्यीय टीम ने राजीविका के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यों का बुधवार को निरीक्षण किया। भारत माता राजीविका सहकारी समिति लिमिटेड़ ढिग़ावडा की क्लस्टर मैनेजर सुधा शर्मा ने बताया कि टीम बुधवार को राजगढ़ ब्लॉक में राजीविका द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न प्रोजेक्ट की विजिट की। उन्होंने ढिग़ावडा व डाबला मीना गांव का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने राजीविका द्वारा बनाएं गये महिला समूह तथा ग्राम संगठनों के बारे में समझाया गया। समूह की महिलाओं ने सदस्यों के साथ अपने अनुभव साझा किए और आत्मनिर्भरता



की दिशा में किए जा रहे कार्यों का प्रदर्शन किया। इसके उपरांत सदस्यों ने राजगढ़ कस्बे में स्थित भारत माता राजीविका सहकारी समिति लिमिटेड़ के कार्यालय का अवलोकन किया। जहां उनका पारम्परिक रूप से राजस्थानी साफा व तिलक लगाकर तथा माला पहनाकर स्वागत किया गया। सभी सदस्यों को पीपीटी के माध्यम से राजीविका द्वारा संचालित विभिन्न प्रोजेक्ट की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि ब्लॉक में 8 साल से राजीविका कार्य कर रही है। राजीविका के माध्यम से महिला सशक्तीकरण की दिशा में चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी गई साथ ही सीएलएफ के विजन और भविष्य की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान उन्होंने भारत माता सीएलएफ द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां का मॉडल महिला नेतृत्व और सामुदायिक विकास के लिए प्रेरणादायक है। इस मौके पर भारत माता सीएलएफ क्लस्टर मैनेजर सुधा शर्मा, विनित वशिष्ठ, हिमांशु शर्मा, सृजनी दे, एसपीएमयू से नरेन्द्र, उमेन्द्र आदि उपस्थित रहे।

### इनका कहना है

अफ्रीका से आएं 18 सदस्यीय टीम ने राजगढ़ ब्लॉक में राजीविका द्वारा चलाए जा रहे महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास के नवाचारों का अवलोकन किया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सीएलएफ द्वारा चलाएं जा रहे कार्यों की सराहना की गई है। यह भारत माता राजीविका सीएलएफ के लिए गौरव का क्षण है।

**- सुधा शर्मा,** क्लस्टर मैनेजर, भारत माता सीएलएफ

## कार्तिक शुक्ल एकादशी 1 नवंबर को मनाया जाएगा खाटूश्यामजी का जन्मोत्सव

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** कस्बे के चौपड़ बाजार स्थित श्री जगन्नाथ जी मंदिर में खाटूश्यामजी का पाटोत्सव बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। मंदिर महंत एडवोकेट मदनमोहन शास्त्री व श्याम सेवक मुकुल बड़ाया ने बताया कि कार्तिक शुक्ल एकादशी 1 नवंबर को श्याम बाबा का जन्मोत्सव बड़े श्रद्वा व उमंग के साथ मनाया जाएगा। इस दौरान श्याम बाबा का कोलकाता व दिल्ली के फुलों से भव्य तथा आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा। मंदिर को आकर्षक रोशनी व फुलों तथा गुब्बारों से सजाया जा रहा है। इस दौरान श्याम बाबा को नवीन पोशाक धारणा करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रातः काल से ही श्याम बाबा की भव्य झांकी के दर्शन श्रद्धालु करेंगे। वहीं सायं को महा आरती के पश्चात भजनों के साथ बाबा श्याम जी का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इसके लिए विशेष रूप से मावे का केक तैयार करवाया जा रहा है। जन्मोत्सव के दौरान आकर्षक आतिशबाजी का नजारा होगा।।

## गोपाष्टमी आज- जगन्नाथ मंदिर व गोविन्द देव मंदिर में होंगे राधा रानी के चरण दर्शन

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** धार्मिक आस्था के केंद्र चौपड़ बाजार स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर और गोविंद देव मंदिर में गुरुवार को गोपाष्टमी के पर्व पर राधा रानी के चरण दर्शन होंगे। गोविंद देव जी मंदिर के महंत दिलीप मुखर्जी और श्री जगन्नाथ मंदिर के महंत पूर्णदास ने बताया कि कार्तिक शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को सालभर में एक बार ही राधा रानी के चरण दर्शन की आलौकिक झांकी के दर्शन होते है। यह दर्शन प्रातः काल 9 बजे से 11.30 तक और सायं काल 5.30 बजे से 8.30 बजे तक राधा रानी के चरण दर्शन होंगे।

## केंद्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव तथा वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने केडलगंज व्यापारिक संचालन समिति की नवीन कार्यकारिणी को दिलाई शपथ

# अलवर के चहुंमुखी विकास के साथ स्वच्छता में सुधार के लिए निरन्तर किए जा रहे हैं समन्वित प्रयास - केंद्रीय वन मंत्री यादव

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव तथा वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने बुधवार को नवीन कृषि उपज मंडी में केडलगंज व्यापारिक संचालन समिति की नवीन कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत कर कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई।



केंद्रीय वन मंत्री ने नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मंडी के उन्नयन एवं विकास के लिए एकजुट होकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि मंडी के विकास के लिए सभी मांगों पर सकारात्मक कदम उठाकर उन्हें पूर्ण कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ई-गुरूकुल के माध्यम से जिले के सरकारी विद्यालयों में 108 ई-लाइब्रेरी बनाई गई है तथा युवाओं के अच्छे स्वास्थ्य हेतु अलवर सांसद खेल उत्सव शुरू किया गया है, जिसमें बडी संख्या में युवाओं ने बढचढकर भाग लिया। उन्होंने कहा कि विगत वर्ष आयोजित अलवर सांसद खेल उत्सव में 13 हजार से अधिक प्रतिभागी रहे तथा आज से प्रारम्भ हुए अलवर सांसद खेल उत्सव 2.0 में 50 हजार से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अलवर को स्वच्छ शहर बनाने की दिशा में सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। स्वच्छता सर्वेक्षण में अलवर शहर 54वें स्थान पर रहा है तथा अलवर शहर को स्वच्छता रैंकिंग में देश के टॉप 10 शहरों में लाने के लिए निरन्तर प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अलवर में इंटीग्रेटेड वेस्ट मेनेजमेंट प्लांट शुरू किया जाएगा, जिसके माध्यम से कचरे का समुचित निस्तारण होगा। उन्होंने कहा कि अलवर में ट्यूरिज्म की अपार संभावनाएं है। 8 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय स्तर की टाइगर मैराथन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देश-दुनिया के लोग अलवर आएंगे, इसके लिए अलवर के पर्यटन को बढाने हेतु स्वच्छ अलवर बनाने की दिशा में और अधिक कार्य करने की आवश्यकता है।

वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मंडी के विकास एवं व्यापारियों के हित में नवीन कार्यकारिणी अपना काम पूर्ण मनोयाग से करेगी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव के नेतृत्व में अलवर संसदीय क्षेत्र का निरन्तर चहुंमुखी विकास हो रहा है।

इस दौरान जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, सरस डेयरी चैयरमेन नितिन सांगवान, नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका, कृषि विपणन के उपनिदेशक राम बिलास यादव, मंडी सचिव अंजू जाटव, विजय डाटा, राजस्थान खाद्य पदार्थ संघ कार्यकारिणी अध्यक्ष श्री सुरेश चन्द्र जलालपुरिया, कृषि उपज मंडी के अध्यक्ष सत्यविजय गुप्ता, उपाध्यक्ष श्री नारायण लाल व हितेश गोयल, पूर्व अध्यक्ष अनिल गुप्ता,हितेश गोयल, विजय गोयल, दीपक गुप्ता, ओमप्रकाश, संजय नरुका, ऋषि राज शर्मा, पं. जले सिंह, सतीश यादव, महेश निहालवानी,लक्ष्मीनारायण गुप्ता, श्री राजेन्द्र कसाणा, श्री सुनील शर्मा, सागर यादव, दौलत शर्मा,अशोक वर्मा सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में व्यापारीगण व आमजन मौजूद रहे।

### जम्मू-कश्मीर के हंदवाड़ा में विस्फोट

# खाली मैदान में क्रिकेट खेलते समय बम फटा; चार घायल युवक जीएमसी में भर्ती

बढ़ता राजस्थान



**श्रीनगर (एजेंसी)।** उत्तरी कश्मीर के हंदवाड़ा में बुधवार को एक मैदान में हुए विस्फोट में चार किशोर घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर,विस्फोट के कारणों की जांच शुरु कर दी है। शुरुआती जांच के मुताबिक, मैदान में कोई पुराना लावारिस विस्फोटक पड़ा हुआ था,जिसमें धमाका हुआ है। मैदान में क्रिकेट खेल रहे थे बच्चे हंदवाड़ा से मिली जानकारी के अनुसार, तूतीगुंड कुलनगाम में जिला पुलिस लाइन से कुछ ही दूरी पर स्थित एक मैदान मे हुआ है। बताया जा रहा है कि आज दोपहर बाद मैदान में कुछ बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे। उसी दौरान वहां धमाका हुआ। धमाको की आवाज सुनकर आस पास मौजूद ग्रामीणव सुरक्षाकर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे और उन्होंने वहां घायल पड़े चार लड़कों को निकटवर्ती अस्पताल पहुंचाया।

घायलो की पहचान उज़ैर ताहिर पुत्र ताहिर अहमद बट ,साजिद राशिद पुत्र अब्दुल राशिद सोफी, हाजिम शब्बीर पुत्र शब्बीर अहमद बेग और जैयान ताहिर पुत्र ताहिर अहमद के रूप में हुई है। यह चारो तूतीगुंड कुलनगाम के रहने वाले हैं।

# क्या भारत-चीन सीमा पर कम होगा तनाव? दोनों देशों के बीच LAC पर हुई हाई लेवल बैठक

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और चीन की सेनाओं ने लद्दाख में तनाव कम करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। 23वें कोर कमांडर स्तर की बातचीत मोल्दो-चुशुल में हुई, जहां दोनों पक्षों ने सीमा पर शांति बनाए रखने पर गहन चर्चा की।

चीनी रक्षा मंत्रालय के बयान के अनुसार, यह बैठक 25 अक्टूबर 2025 को भारतीय पक्ष के मोल्दो-चुशुल बॉर्डर मीटिंग पॉइंट पर हुई। दोनों देशों के वरिष्ठ सैन्य कमांडरों ने पश्चिमी सेक्टर की वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) पर तनाव प्रबंधन और स्थिरता बनाए रखने पर विस्तृत विचार-विमर्श किया।

बयान में कहा गया कि दोनों पक्षों ने चीन-भारत सीमा के पश्चिमी हिस्से के प्रबंधन पर सक्रिय और गहन संवाद किया है। संवेदनशील क्षेत्रों में तनाव कम करने के तरीकों पर भी विचार साझा किए गए।

यह बैठक दोनों देशों के नेताओं के बीच बने महत्वपूर्ण समझौते के तहत हुई। दोनों प्रतिनिधिमंडलों ने सैन्य और कूटनीतिक चैनलों के जरिए बातचीत जारी रखने पर सहमति जताई। इसके साथ ही, सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराई। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा, 'भारत-चीन कोर कमांडर स्तर की 23वीं बैठक 25 अक्टूबर 2025 को चुशुल-मोल्दो सीमा मिलन बिंदु पर आयोजित की गई। 19 अगस्त 2025 को आयोजित विशेष प्रतिनिधि वार्ता के 24वें दौर के बाद से पश्चिमी क्षेत्र में जनरल स्तरीय तंत्र की यह पहली बैठक थी। वार्ता मैत्रीपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई।'

# राम मंदिर के लिए भक्तों ने दान किए तीन हजार करोड़ रुपये, ध्वजारोहण समारोह में किए जाएंगे आमंत्रित

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राम मंदिर भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया है कि रामभक्तों ने अब तक तीन हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की धनराशि रामलला को समर्पित की है। राम मंदिर निर्माण के लिए देश भर के श्रद्धालुओं ने दिल खोलकर दान दिया है। 2022 के बाद भी कई भक्तों ने बड़ी धनराशि देकर रामलला के मंदिर निर्माण में सहयोग किया है। अब भवन निर्माण समिति ने फैसला किया है कि ऐसे सभी दानदाताओं को भी ध्वजारोहण कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाएगा।

नृपेन्द्र मिश्र के मुताबिक समरसता की दृष्टि से ध्वजारोहण समारोह में छह हजार से अधिक लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है लेकिन अब इसमें उन लोगों को भी शामिल किया जाएगा जिन्होंने 2022 के बाद योगदान दिया है। राम मंदिर निर्माण में योगदान देने वाली कंपनियों, सप्लायर्स और कार्यकर्ताओं का भी सम्मान किया जाएगा। 25 नवंबर के बाद राम मंदिर परिसर में एक वृहद आयोजन किया जाएगा, जिसमें इन सभी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष ने खुलासा किया कि अब तक लगभग 1500 करोड़ रुपये की बिलिंग हो चुकी है। राम मंदिर निर्माण का कुल खर्च 1800 करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है।

# बांग्लादेश का राष्ट्रगान गाने पर कांग्रेस नेताओं के खिलाफ दर्ज होगा केस

बढ़ता राजस्थान

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने बुधवार को कहा कि उन्होंने पुलिस को श्रीभूमि जिले के कांग्रेस नेताओं के खिलाफ पार्टी की एक बैठक में बांग्लादेश का राष्ट्रगान गाने को लेकर देशद्रोह का मामला दर्ज करने का निर्देश दिया है. कैबिनेट की बैठक के बाद मीडिया के सामने सरमा ने यह भी आरोप लगाया कि बांग्लादेशी राष्ट्रगान गाना विपक्षी पार्टी द्वारा बांग्लादेश के नेताओं के एक वर्ग के इस दावे का समर्थन है कि पूरा पूर्वोत्तर क्षेत्र पड़ोसी देश का हिस्सा है। मुख्यमंत्री ने कहा, 'कांग्रेस की मीटिंग भारत के राष्ट्रगान के बदले बांग्लादेश के राष्ट्रगान से शुरू हुई. यह भारत के लोगों और इसके राष्ट्रगान का घोर अपमान है. सरमा ने कहा कि उन्होंने पुलिस को श्रीभूमि जिला कांग्रेस कमेटी और उसके नेताओं के खिलाफ कानून की विभिन्न धाराओं के तहत देशद्रोह का मामला दर्ज करने का निर्देश पहले ही दे दिया है. मंगलवार को श्रीभूमि शहर में जिला कांग्रेस कार्यालय में सेवादल की बैठक में नेताओं ने नोबेल पुरस्कार प्राप्त रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा लिखित बांग्लादेशी राष्ट्रगान 'आमार सोनार बांग्ला' की दो पंक्तियां गाकर कार्यवाही शुरू की। टैगोर ने ही भारतीय राष्ट्रगान भी लिखा था. सरमा ने कहा, 'बांग्लादेश का राष्ट्रगान उसी सम्मान के साथ गाया गया जैसा हम अपने राष्ट्रगान के प्रति दिखाते हैं. हम असम में बांग्लादेश का राष्ट्रगान गाना स्वीकार नहीं कर सकते।

## भारत-यूरोपीय यूनियन के बीच व्यापार समझौते पर जल्द बनेगी बात!

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को जल्द पूरा करने से बड़े बदलाव संभव हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को कहा कि ये बदलाव वैश्विक अर्थव्यवस्था को स्थिर करने और लोकतांत्रिक ताकतों को मजबूत करने के नजरिये से होंगे। उन्होंने 27 देशों के यूरोपीय संघ के एक उच्चस्तरीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के बाद यह बात कही।

सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से प्रतीक्षित द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को अंतिम रूप देने के लिए भारत आया है। जयशंकर ने कहा, ''इस बात पर चर्चा हुई कि भारत और यूरोपीय संघ कैसे तालमेल को अधिकतम कर सकते हैं और सहयोग को मजबूत कर सकते हैं। इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था स्थिर हो सकती है और लोकतांत्रिक ताकतें मजबूत होंगी।''

# 'विरोध को दबाने..प्रतिशोध..': सोनम वांगचुक की पत्नी ने दी संशोधित अर्जी



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने लद्दाख के क्लाइमेट एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे अंगमो की संशोधित याचिका पर संज्ञान लेते हुए केंद्र और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख से 10 दिनों के अंदर जवाब दाखिल करने को कहा है। वांगचुक की पत्नी ने उन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (NSA)के तहत हिरासत में रखने के सरकार के फैसले को सर्वोच्च अदालत में चुनौती दी है।

बार एंड बेंच की एक रिपोर्ट के मुताबिक सोनम वांगचुक की पत्नी ने सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि उनके पति की हिरासत सार्वजनिक व्यवस्था या सुरक्षा की उचित चिंताओं पर आधारित नहीं है, बल्कि यह एक सम्मानित नागरिक के विरोध के अधिकार को दबाने की सोच समझकर की गई कोशिश है।

इस मामले में सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने केंद्र और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता को निर्देश दिया कि वे अपना जवाब 10 दिन में दाखिल करें। अदालत ने इस मामले की सुनवाई की तारीख 24 नवंबर तय कर दी है। अदालत ने अंगमो की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल को जरूरत पड़ने पर जवाब दाखिल करने की भी अनुमति दे दी।

# 'CM-PM का पद खाली नहीं...', बेगूसराय में अमित शाह बोले- बिहार में नीतीश और दिल्ली में मोदी

बढ़ता राजस्थान



**बेगूसराय/पटना (एजेंसी)।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर सरगर्मी तेज है। वोटिंग की तारीख नजदीक आते ही सीएम फेस को लेकर अटकलबाजी शुरू हो गई है। महागठबंधन ने तो तेजस्वी को सीएम फेस डिक्लेयर कर दिया है, लेकिन एनडीए में सीएम फेस को लेकर तरह-तरह की बातें हो रहीं थीं। इस बीच बीजेपी के दिग्गज नेता अमित शाह ने एनडीए के सीएम फेस को लेकर सारा कन्फ्यूजन दूर कर दिया है।

अमित शाह ने 29 अक्टूबर को बेगूसराय में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, "बिहार में ना सीएम का पद खाली है और ना ही दिल्ली में पीएम का पद खाली है... यहां नीतीश कुमार हैं, और वहां पीएम मोदी हैं।" अमित शाह ने इस दौरान लालू-सोनिया पर कटाक्ष भी किया। अमित शाह ने कहा कि आपका नंबर नहीं लगेगा। शाह ने महागठबंधन को 'ठगबंधन' करार देते हुए आरोप लगाया कि लालू प्रसाद चारा, कोलतार और जमीन के बदले नौकरी घोटाले में शामिल हैं, जबकि कांग्रेस 12 लाख करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार के मामलों में शामिल है। शाह ने आरोप लगाया कि आईएनडीआईए (गठबंधन) पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की 'जननायक' की उपाधि छीनना चाहता है। उन्होंने आरोप लगाया, "मोदी जी ने जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिया था।

अब, वे (विपक्ष) कर्पूरी जी से यह उपाधि छीनना चाहते हैं। हम ऐसा नहीं होने देंगे। लोगों ने कांग्रेस का असली चेहरा देख लिया है जिसने बाबू जगजीवन राम को प्रधानमंत्री बनने से रोका था।"

# बिहार चुनाव में NDA को दो-तिहाई बहुमत मिलना नेहरू को सच्ची श्रद्धांजलि होगी: राजनाथ सिंह

बढ़ता राजस्थान






**पटना (एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (NDA) को दो-तिहाई बहुमत मिलना देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी. गौरतलब है कि 14 नवंबर को बिहार विधानसभा चुनाव की मतगणना होगी और उसी दिन पंडिन नेहरू की जयंती भी है। पटना जिले के बाढ़ में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि बिहार को ''गुंडाराज'' की जरूरत नहीं है. उन्होंने दावा किया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ''जंगल राज'' से हुए नुकसान की काफी हद तक भरपाई करने में कामयाब रहे हैं.उन्होंने कहा कि एनडीए को दो तिहाई बहुमत ही नेहरू को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी दल ''बांग्लादेशी घुसपैठियों'' के वोट सुरक्षित करना चाहता है. बीजेपी के वरिष्ठ नेता सिंह ने कांग्रेस और राजद पर निर्वाचन आयोग पर हमला करने का आरोप लगाते हुए कहा कि संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम किया जाएगा तो लोकतंत्र कैसे चलेगा. रक्षा मंत्री ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव का मुद्दा बिल्कुल स्पष्ट है कि ''राज्य को फिर से जंगल राज की ओर ले जाना है या विकास के मार्ग पर आगे बढ़ाना है।'' इससे पहले दरभंगा जिले में रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने राजद द्वारा प्रत्येक परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने के वादे को ''अवास्तविक'' करार दिया. उन्होंने कहा कि NDA अपना घोषणापत्र गुरुवार को जारी करेगा और उसमें किए गए हर वादे को पूरा करेगा. सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर 20 साल के शासन में भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं लगा, जबकि ''दुःख की बात है कि एक पूर्व मुख्यमंत्री का पूरा परिवार अनियमितताओं के मामलों में आरोपी है.' उन्होंने विपक्ष पर वक्फ अधिनियम में किए गए संशोधनों को वापस लेने का ''झूठा वादा'' करने का आरोप लगाया. सिंह ने कहा कि यह कानून संसद में पारित हुआ है, इसलिए इसे राज्य स्तर पर बदला नहीं जा सकता.

## बीजेपी निष्पक्ष राजनीति करती है

उन्होंने कहा कि बीजेपी जाति और धर्म की राजनीति नहीं करती, बल्कि "हम निष्पक्ष और स्वच्छ राजनीति करते हैं". रक्षा मंत्री ने दावा किया कि नरेंद्र मोदी सरकार के 11 वर्षों में बिहार के चौतरफा विकास के लिए 15 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए. उन्होंने कहा कि ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा राहुल गांधी ने नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी ने दिया है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र
मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya,
NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खंडवा, निवाई, टोंक (राज.) से मुद्रित एवं बढ़ता राजकीय महाविद्यालय के पास एनएच-12 बाईपास निवाई, टोंक (राजस्थान) प्रकाशित, संपादक तनुजा पठान*। प्रधान संपादक राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888, जयपुरः फोन 0141-2796794, 95, टोंक कार्यालयः बाईपास, निवाई, टोक (मो. 9414823448), अलवर कार्यालयः मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर (मो. 7877309346), कोटा कार्यालयः छावनी मेन रोड, कोटा (मो. 7023350734), ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com; "पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार